# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## एकादश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि $\frac{\text{02 फाल्गुन, 1945 (श०)}}{\text{21 फरवरी, 2024 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 221

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 95 |
| (2) | पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 32 |
| (3) | ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 15 |
| (4) | जल संसाधन विभाग | .. | .. | 43 |
| (5) | लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 16 |
| (6) | पंचायती राज विभाग | .. | .. | 11 |
| (7) | श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | 02 |
| (8) | भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 06 |
| (9) | समाज कल्याण विभाग | .. | .. | 01 |
| | | | कुल योग -- | 221 |

सड़क का निर्माण

*375. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बैसा प्रखंड के चिलहाना से कलहियाँ जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य वर्ष 2020 में प्रारंभ हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि 4 वर्षों के बाद भी उपरोक्त सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं होने के कारण क्षेत्र की जनता को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, जिससे उनमें काफी असंतोष है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक निर्माण कार्य में लापरवाही के लिये दोषियों को चिह्नित कर कार्रवाई करते हुये उपरोक्त सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*376. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बाबूबरही विधान सभा के अन्तर्गत बाबूबरही एवं खजौली ब्लॉक में रजवारा और कुसमार के बीच लगभग 1 किलो मीटर सड़क का निर्माण अधूरा पड़ा है जिससे राहगिरों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बाबूबरही एवं खजौली ब्लॉक में दोनों ओर से सड़क का निर्माण किया जा चुका है परन्तु रजवारा और कुसमार के बीच निर्माण कार्य छोड़ दिया गया है जिससे राहगिरों द्वारा उसकी जाँच हेतु भी अनुरोध किया गया है परन्तु आजतक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उच्चस्तर पर जाँच कराकर रजवारा और कुसमार के बीच सड़क का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल की मरम्मती

*377. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव (क्षेत्र संख्या-90 मीनापुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मीनापुर प्रखंड के कोइली पंचायत के मछुआ गाँव में पुरानी बागमती नदी पर बना पुल का पुरवारी एप्रोच पथ ढह गया है जिससे आवागमन ठप हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल के एप्रोच पथ का मरम्मती कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

नलकूपों को चालू कराना

*378. श्री नारायण प्रसाद (क्षेत्र संख्या-6 नौतन)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत नौतन प्रखंड के गहीरी मन, मंगलपुर गुदरिया, शिवराजपुर स्थित नलकूप वर्ष 2018 से बंद पड़ा है जिसके कारण किसानों के खेतों में सिंचाई बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार बंद पड़े नलकूपों को चालू करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*379. श्रीमती निशा सिंह (क्षेत्र संख्या-66 प्राणपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के प्राणपुर विधान सभा के दो मुख्य बाजार आजमनगर एवं सालमारी का मुख्य सड़क काफी जर्जर अवस्था में है जिससे बारिश के दिनों में जल-जमाव से आमलोगों को यातायात में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार आजमनगर मुख्य सड़क एवं सालमारी बाजार में सड़क एवं बेहतर जल निकास के लिये ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*380. श्री विजय कुमार मण्डल (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के दिनारा विधान सभा अन्तर्गत ठोरा नदी पर सहिनाँव देवढ़ी के बीच पुल नहीं होने से ग्रामीण जनता को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार ठोरा नदी पर सहिनाँव देवढ़ी के बीच पुल बनाने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का चौड़ीकरण

*381. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इस्लामपुर प्रखंड अन्तर्गत खुदागंज से वॉरी भाया हरसेनी पथ की चौड़ाई कम रहने के कारण पिछले पाँच वर्षों से 20 (बीस) हजार की आबादी जाम की समस्या से ग्रस्ति है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क के दोनों तरफ चौड़ीकरण के लिये पर्याप्त जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ की मरम्मती

*382. श्री छोटे लाल राय (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर रेवा घाट पथ का निर्माण किये हुये मात्र दो साल ही हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के 0-22 मील तक सड़क बहुत जगहों पर टूटने लगा है, जिस कारण आवागमन में दिक्कत होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पथों की गई निर्माण कार्य की जाँच कराते हुये पुनः मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*383. श्री राजेश कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-208 सासाराम)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम प्रखंड के करसेरूआ पंचायत अन्तर्गत ग्राम-बबूरा में सड़क के पश्चिम भाग में कुसुढ़ी पुल से बबूरा पुल तक नाला का निर्माण नहीं है जिसके कारण ग्रामीणों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार सासाराम प्रखंड के करसेरूआ पंचायत अन्तर्गत ग्राम-बबूरा में सड़क के पश्चिम भाग में कुसढ़ी पुल से बबूरा पुल तक नाला का निर्माण कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अग्रिम राशि उपलब्ध कराना

*384. श्री अजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-201 डुमराँव)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कबीर अन्त्येष्टि योजना के तहत मृतक के परिजनों को तत्काल 3000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान है, परंतु डुमराँव विधान सभा के सभी प्रखण्ड में आवेदकों को इसका लाभ अन्त्येष्टि के समय नहीं मिल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के मुखिया के मृत्यु के उपरान्त मृतक के परिवार को तत्काल 20000 रुपये की वित्तीय सहायता देने का प्रावधान है, परन्तु डुमराँव विधान सभा के सभी प्रखण्ड में आवेदकों को इसका लाभ तत्काल नहीं मिलता है ;

(3) यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त योजना की राशि में वृद्धि करने तथा तत्काल लाभ देने के लिए पंचायत एवं प्रखण्ड स्तर पर लाभुकों हेतु अग्रिम राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

रंगाई-पोताई एवं मरम्मती

*385. श्री सुरेन्द्र मेहता (क्षेत्र संख्या-142 बछवाड़ा)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम के अन्तर्गत न्यू पुनाईचक पटना विधायक आवास आर0/1 में पिछले दो साल से नाला जर्जर हो चुका है, भवन की रंगाई-पोताई व मरम्मती का कार्य नही हुआ है जिससे कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार विधायक आवास संख्या-आर0/1 में नाला, रंगाई-पोताई एवं मरम्मती का कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*386. श्री रित लाल राय (क्षेत्र संख्या-186 दानापुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारीशरीफ प्रखंड के ढीबरा पंचायत अन्तर्गत फतेहपुर पक्की सड़क से पुनपुन रक्षा बांध भाया महादेवचक गांव पथ का शिलान्यास दिनांक 14 जून, 2023 को सम्पन्न हुआ है तथा शिलान्यास के बाद आजतक कोई कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है जिससे उक्त पथ जर्जर रहने के कारण आवागमन में आमलोगों को काफी कठिनाइयाँ हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*387. श्री हरीभूषण ठाकुर ''बचोल'' (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंड अन्तर्गत एस0एच0 75 से चहुता सड़क की स्थिति बहुत खराब है एवं वर्ष 2021 में इसका टेंडर हुआ था लेकिन अभीतक निर्माण कार्य अधूरा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अधूरे 1 किलो मीटर सड़क का निर्माण नहीं होने से आमजनता को यातायात में असुविधा का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*388. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय प्रखण्ड कैथ पंचायत में दमदामा चैहरमल से सांगों कोठी गांव तक जाने वाली सड़क जर्जर अवस्था में है, जिसकी दूरी लगभग 1.1 किलो मीटर है जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा अनजुड़े टोलों/बसावटों को चरणबद्ध रूप से बारहमासी एकल सड़क सम्पर्कता प्रदान करने हेतु पथों का निर्माण मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के तहत कराये गये सर्वे में उक्त सड़क का चयन का जिक्र विभागीय माननीय मंत्री के अर्द्धसरकारी पत्र संख्या 441, दिनांक 11 अप्रील, 2023 में होने बावजूद आजतक सड़क निर्माण नहीं हो सका है, जिससे राहगीरों में आक्रोश है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बांध का चौड़ीकरण

*389. श्री राज कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-144 मटिहानी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मटिहानी विधान सभा अंतर्गत बी0टी0पी0एस0 से लेकर लखमिनियां तक गुप्ता लखमिनियां बांध-01 का चौड़ाई कम रहने के कारण औद्योगिक शहर बेगूसराय जाने में जाम की स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपरोक्त बांध का चौड़ीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*390. श्री मनोज मंजिल (क्षेत्र संख्या-195 अगिआँव (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड-चरपोखरी के चरपोखरी-बरनी मोड़ से ग्राम-कुम्हैला होते हुये सोनवर्षा तक जाने वाली सड़क अत्यंत ही जर्जर हो चुकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड-चरपोखरी के ग्राम-नौवा नहर पुल से ग्राम-कुसुमी, कचहरी टोला होते हुये सोनवर्षा नहर पुल तक सड़क का निर्माण आजतक नहीं हो सका हैं, जिससे आमजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इस सड़क के निर्माण के लिए जनता ने वोट का बहिष्कार भी किया था एवं जनता कई बार आन्दोलन भी कर चुकी है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़कों के निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथों का मरम्मती एवं चौड़ीकरण

*391. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट विधान सभा अंतर्गत बिक्रमगंज नगर परिषद्, बिक्रमगंज-सासाराम रोड से घोषित कला तक जाने वाली पथ में वार्ड नं0-25 से वार्ड सं0-27 तक पथों की स्थिति जर्जर हो चुकी है जिससे उक्त पथ पर वाहन आदि के परिचालन एवं पैदल चलना मुश्किल हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस सड़क को अनुरक्षण नीति 2018 एम0आर0-3054 योजना के तहत मरम्मती एवं चौड़ीकरण कार्य अभीतक नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना के तहत पथों का मरम्मती एवं चौड़ीकरण कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

घाट का सौन्दर्यीकरण

*392. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नारायणपुर प्रखंड अन्तर्गत जयपुर चूहर पूरब पंचायत में रामूचक घाट है ;

(2) क्या यह बात सही है कि हिन्दु समाज के लोग छठ पर्व का त्योहार रामूचक घाट पर धूमधाम से मनाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रामूचक घाट का सौन्दर्यीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*393. श्री चेतन आनंद (क्षेत्र संख्या-22 शिवहर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिला के गम्हरिया से परसौनी तैयब होते रेजमा तक आवागमन हेतु सड़क नहीं है, सड़क के अभाव में उस इलाके के लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नाला का निर्माण

*394. सुश्री श्रेयसी सिंह (क्षेत्र संख्या-241 जमुई)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खैरा प्रखंड अन्तर्गत खंड़ाईच पंचायत के वार्ड संख्या 02, 03 व 04 खंड़ाईच गाँव में घरेलू पानी के निकासी हेतु पक्का नाला नहीं होने के कारण घनी आबादी के बीचो-बीच जल-जमाव रहता है, जिसके कारण गांव में हमेशा विवाद एवं अशांति का माहौल रहता है, यदि हाँ, क्या सरकार खैरा प्रखंड अन्तर्गत खंड़ाईच पंचायत के वार्ड संख्या 02, 03 व 04 खंड़ाईच गाँव में सर्वेक्षण कराकर घरेलू पानी के निकासी हेतु पक्का नाला के निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*395. श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह (क्षेत्र संख्या-1 वाल्मीकिनगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पं० चम्पारण जिला के बगहा 2 प्रखण्ड के पी०एम०जी०एस०वाई० में मिश्रौली से मझौवा एवं हरनाटांड-कुनई पथ में बरखा तरूअनवा के बीच सड़क में पुल नहीं है जिसके कारण आमजनता के साथ छोटे एवं वाहन को आने-जाने में कठिनाई होती है, यदिं हाँ, तो सरकार उक्त दोनों स्थानों पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का जीर्णोद्धार

*396. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत भरगामा प्रखंड के खजूरी बाजार से भाया चरैयाहाट, वीरनगर, पीपरा होते हुये मोहनियाँ चौक तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित सड़क है, यह सड़क खजूरी में नेशनल हाईवे संख्या 327 से प्रारंभ होकर मोहनियाँ चौक के पास नेशनल हाईवे संख्या 231 से मिलती है, जिससे दोनों नेशनल हाईवे से गुजरनेवाली यातायात भार इस सड़क पर पड़ती है, इसके साथ ही खजूरी से चरैयाहाट चौक के बीच तक भिन्न-भिन्न जगहों से आकर चार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित सड़क भी इस सड़क से आकर मिलती है, जिससे यातायात भार अत्यधिक होने की वजह से 15 वर्ष पूर्व निर्मित इस सड़क की स्थिति जर्जर हो गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का कबतक जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*397. श्री मनोज मंजिल (क्षेत्र संख्या-195 अगिआँव (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड अगिआँव के ग्राम-नारायणपुर से ग्राम-सितुहारी होते हुये बेरथ पुल तक एवं ग्राम-लोहा टोला से सोनाटोला होते हुये रतनाढ़ मेन संपर्क रोड तक सड़क अत्यंत जर्जर हो चुकी है, जिससे आमजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नाला मरम्मती कराना

*398. श्री राम विशुन सिंह (क्षेत्र संख्या-197 जगदीशपुर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत-जमालुद्दीनचक के ग्राम-नवरतनपुर निकट मुशहर टोली के पास श्री उमेश प्रसाद के घर से मंगल दास के घर तक दूरी लगभग 100 फीट ईंट सोलिंग किया हुआ है, लेकिन ईंट सोलिंग बहुत पुराना हो जाने के कारण जहां-तहां पर मिट्टी धंस जाने से बड़ा-बड़ा गड्ढा हो गया है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गली में पूर्व से बना नाला भी जहां-तहां मिट्टी धंसने से जीर्ण-शीर्ण हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त वर्णित स्थान पर पी०सी०सी० ढ़लाई के साथ-साथ नाला मरम्मती कार्य कराने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*399. श्री प्रमोद कुमार सिन्हा (क्षेत्र संख्या-10 रक्सौल)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत आदापुर प्रखण्ड के दुबहा पंचायत के बखतौरा गाँव से पश्चिम पोखरा होते हुये लोहडिया गांव तक सड़क अत्यंत जर्जर अवस्था में है, इस सड़क से कई गांव भी जुड़े हैं, जिससे आमजनों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित सड़क का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

लिंक कैनाल को गादमुक्त करवाना

*400. श्री राजीव कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-164 तारापुर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत संग्रामपुर प्रखंड के बदुआ-बेलहरना लिंक कैनाल से गिद्धा, बेलहर सहित संग्रामपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का पटवन निर्भर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्तमान में उक्त लिंक कैनाल के गाद से भरे रहने के कारण इसका पानी गांवों तक नहीं पहुंच पाता है, जिससे इसपर निर्भर रहने वाले गांवों के किसानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसान हित में उक्त लिंक कैनाल को गादमुक्त करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का चौड़ीकरण

*401. श्री शम्भु नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रहमपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के सेमरी प्रखण्डान्तर्गत पुराना भोजपुर चैक से सेमरी प्रखण्ड तक सड़क 09 कि०मी० है, यह सिंगल लेन सड़क पथ निर्माण विभाग का है, जिसपर वाहन का दबाव अधिक होने से आये दिन जाम लगा रहता है और आवागमन बाधित रहता है, यदि हाँ, तो सरकार सेमरी प्रखण्डान्तर्गत पुराना भोजपुर चैक से सेमरी प्रखण्ड तक 09 कि०मी० सड़क का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*402. श्री कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह (क्षेत्र संख्या-109 दरौंदा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत मांझी बरौली मुख्य पथ एवं सीवान पैगम्बरपुर मुख्य पथ पर छोटे एवं बड़े गाड़ियों का आवागमन चालू रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दोनों मुख्य पथ जाने हेतु छोटे संकीर्ण पथ पर आवागमन करना पड़ता है, जिससे बड़ी गाड़ियों को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक दोनों पथों को जोड़ने हेतु बाईपास सड़क की स्वीकृति देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*403. श्री महा नंद सिंह (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के सैदपुर, अमरा इमामगंज रजवाहों पर बीच-बीच में पक्की सड़क बना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इमामगंज एवं सैदपुर रजवाहा के एक छोर पर अरवल जिला के ठाकुर बिगहा से करपी प्रखंड के कुदरासी तक तथा बेलांव से सैदपुर तक लगातार सड़क नहीं बनने से आमलोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त रजवाहों पर शेष बचे गांवों को सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*404. श्रीमती भागीरथी देवी (क्षेत्र संख्या-2 रामनगर (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेतिया जिलान्तर्गत रामनगर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड रामनगर के ग्राम-लखन खोर से प्रखंड गौनाहा के ग्राम-एकडेरवा के बीच पहाड़ी नारा पर चचरी पुल का उपयोग होता है जो कभी भी टूट सकता है, पुल का निर्माण नहीं होने से आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पहाड़ी नारा पर लोगों को आने-जाने के सुविधा के लिये पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का निर्माण

*405. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के श्यामपुर पंचायत अंतर्गत मुड़कटिया चौक से NH80 तक (लंबाई 1 किलो मीटर) कहलगांव एन०टी०पी०सी० का सीधा NH80 से जोड़ने वाला अत्यंत महत्वपूर्ण पथ है, जिसकी स्थिति अत्यंत खराब है एवं यह पथ पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि से बाहर हो चुका है, घनी एवं बड़ी आबादी के बीच से गुजरने वाले इस पथ में जल-जमाव, भारी वाहनों का आवागमन होते रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का उन्नयन पथ निर्माण विभाग में कर पथ का निर्माण RCD के अनुरूप उच्च मानक एवं गुणवत्ता के साथ कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अधिकारी को दण्डित करने

*406. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी (क्षेत्र संख्या-200 बक्सर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत वित्तीय वर्ष 22-23 एवं 23-24 में अमृतसरोवर योजना के तहत कुल 70 से अधिक तालाबों का जीर्णोद्धार किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अमृतसरोवर योजना के तहत जीर्णोद्धार/निर्माण का मानक सरकार द्वारा तय है ;

(3) क्या यह बात सही है कि अधिकांश सरोवरों का निर्माण/जीर्णोद्धार तय मानकों के अनुसार न करके केवल कोरम पूरा किया गया है, जैसे बक्सर प्रखंड में लालगंज इत्यादि ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी सरोवरों का विशेष जाँच कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

नदी का जीर्णोद्धार

*407. श्री रामवृक्ष सदा (क्षेत्र संख्या-148 अलौली (अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली विधान सभा के अलौली प्रखंड में बागमती नदी है जो मृत हो गयी है, जिस कारण हजारों एकड़ भूमि की सिंचाई नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो सरकार नदी के कबतक नये सिरे से जीर्णोद्धार कराकर खेतों की सिंचाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का पक्कीकरण

*408. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 बिक्रम)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत पक्कीकरण करने का प्रावधान किया गया है, परन्तु बिक्रम विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत प्रखंड बिहटा के ग्राम-लई से बभनलई सड़क तक पक्कीकरण नहीं होने से आमजन के साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक उक्त सम्पर्क सड़क का पक्कीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का निर्माण

*409. श्री प्रहलाद यादव (क्षेत्र संख्या-167 सूर्यगढ़ा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के पिपरिया प्रखंड के अन्तर्गत ओलीपुर चाँदनी चौक से पिपरिया दिनारा होते हुये पिपरिया गांव तक ग्रामीण कार्य विभाग आर०ई०ओ० की सड़क है जिसकी स्थिति जर्जर है, जिससे आवागमन में आमजनता को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को ग्रामीण कार्य विभाग आर०ई०ओ० से पथ निर्माण विभाग में सम्मिलित कर पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*410. श्रीमती बीमा भारती (क्षेत्र संख्या-60 रूपौली)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत रूपौली विधान सभा में आजादी के बाद से मुख्य पथ बलिया से विरनियाँ चौक मुख्य पथ तक आवागमन एवं आमजनों को मुख्य पथ तक जाने का मात्र कच्ची सड़क है जो बरसात के दिनों में वहां के बसावटों को काफी परेशानी होती है, विभाग के निदेश के बावजूद भी धमदाहा कार्य प्रमंडल 2 उक्त पथ का निर्माण नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्लूईस गेट का निर्माण

*411. श्री ललन कुमार (क्षेत्र संख्या-154 पीरपैंती(अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगाँव अंचल अन्तर्गत कौआ नदी और पीरपैंती अंचल अंतर्गत मैनी नदी में निरंतर पानी बहता रहता है, परन्तु उस क्षेत्र में सिंचाई की कोई सुविधा नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कौआ नदी पर कहलगाँव अंचल के कैरिया के पास और पीरपैंती अंचल के राजगाँव अराजी मैनी नदी पर स्लूईस गेट बन जाने से सिंचाई के लिये पर्याप्त पानी मिल जायेगा, साथ-ही-साथ पृथ्वी का पुनर्भरण भी होगा ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर स्लूईस गेट बनवाना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

बायपास का निर्माण

*412. श्रीमती अरूणा देवी (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के पकरीवरांव बाजार के बीच से स्टेट हाईवे गुजरती है, व्यस्तम बाजार रहने के कारण हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बाजार के लिये एक बायपास का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का पुनर्निर्माण

*413. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अन्तर्गत जब्दी से बेतहा ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क है, जो बहुत ही जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आमजनता को प्रखंड एवं जिला मुख्यालय जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सीतामढ़ी जिला के परिहार अन्तर्गत जब्दी से बेतहा सड़क का पुनः निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल निर्माण

*414. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत कोशकापुर दक्षिण, वार्ड नं०1 में लच्छा धार के दोनों ओर घनी आबादी में मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना से निर्मित सड़क में ब्रीज गैप है जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार लोगों का आवागमन सुलभ बनाने के लिये उक्त ब्रीज गैप में लच्छा धार पर कबतक पुल निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का पक्कीकरण

"क"-*415. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखण्ड बाजपट्टी ग्राम-रसलपुर वार्ड नं० 9 एवं 10 में मुख्य सड़क एन०एच० 87 से रामयतन मंडल के घर होते हुये अमरेश राय के घर तक कच्ची सड़क एवं बाजपट्टी ग्राम-बलहा मनोरथ वार्ड नं०11 मुख्य सड़क महारूद्र मिश्रा के घर से अख्तर अंसारी के घर होते हुय शमीम अंसारी के घर से मुख्य सड़क तक सड़क कच्ची है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों कच्ची सड़कों को कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण

*416. श्री दिलीप राय (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत चोरौत अंचल-सह-प्रखण्ड कार्यालय 25 वर्षों से सामुदायिक भवन में चल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक चोरौत अंचल-सह-प्रखण्ड कार्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*417. श्री उमाकांत सिंह (क्षेत्र संख्या-7 चनपटिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला अन्तर्गत चनपटिया प्रखंड के छावनी मैनाटांड मुख्य पथ से बेलवा गाँव जाने वाली मुख्य सड़क अत्यंत जर्जर है, जिससे स्थानीय लोगों को यातायात में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नोट— "क"- ग्रामीण कार्य विभाग के ज्ञापांक 545, दिनांक 2 फरवरी, 2024 द्वारा पंचायती राज विभाग में स्थानान्तरित ।

सड़क का निर्माण

*418. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भारत-नेपाल सीमा सड़क जो बिहार के पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, अररिया और किशनगंज जिलों से गुजरती है और जिसकी कुल लम्बाई 652 कि0मी0 है, का निर्माण दिसम्बर, 2022 तक पूरा कर लिया जाना था, जिलों के 364 गांवों की 2880 एकड़ जमीन का अधिग्रहण कियां जाना था जिसमें 300 गांव की 2344 एकड़ ही भूमि का अधिग्रहण अभी तक किया जा सका है तथा 541 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाना बाकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अररिया में 210 एकड़, बेतिया में 112 एकड़, मोतिहारी में 141 एकड़ जमीन का अधिग्रहण होना बाकी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो भूमि अधिग्रहण में विलम्ब का औचित्य क्या है और सरकार कबतक सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आहर/पईन का जीर्णोद्धार

*419. श्री बागी कुमार वर्मा (क्षेत्र संख्या-215 कुर्था)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के करपी प्रखंड अन्तर्गत पुरैनिया रूकदिन आहर/पईन का जीर्णोद्धार आवश्यक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आहर/पईन की उड़ाही हो जाने से इस क्षेत्र के सैकड़ों एकड़ जमीन की सिंचाई हो सकेगी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंड के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आहर/पईन का जीर्णोद्धार करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का सुदृढ़ीकरण

*420. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी (क्षेत्र संख्या-200 बक्सर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला अन्तर्गत बक्सर गोलम्बर-जासो-नदाँव-डुमराँव पथ एवं दुधारचक मिशन मोड़-सिमरी पथ ग्रामीण कार्य विभाग के अन्तर्गत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों पथ बक्सर जिला मुख्यालय को अनुमण्डल मुख्यालय एवं प्रखंड मुख्यालय के साथ-साथ बहुत से गाँवों को जोड़ती है तथा दोनों पथों पर यातायात का भारी दबाव है एवं जर्जर है ;

(3) यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों पथों को पथ निर्माण विभाग में अधिगृहित कर पथों का सुदृढ़ीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*421. श्रीमती कविता देवी (क्षेत्र संख्या-69 कोढ़ा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत NH-31 पर कोसी नदी पर कुर्सेला पुल, जो लगभग 60 वर्ष पूर्व निर्मित हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल पूर्वोत्तर भारत को जोड़ने का मात्र एक साधन है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल पुराना हो जाने के कारण जर्जर स्थिति में है और बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल के समांतर एक नया पुल निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

R.C.C. पुल बनाना

*422. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत पताही प्रखंड के बेलाहीराम ग्राम पंचायत के मिर्जापुर पेट्रोल पंप से बेलाहीराम ग्राम को जोड़नेवाली बाहा नाला पर बनी वर्षों पुराना लोहिया पुल जर्जर है, यह पुल कभी भी ध्वस्त हो सकती है, जिससे आमजनों की जानमाल की क्षति हो सकती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर पुल के स्थान पर R.C.C. पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*423. श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह (क्षेत्र संख्या-1 वाल्मीकिनगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पं0 चंपारण जिला के मधुबनी प्रखंड में सिसवा घाट पर पुल का निर्माण नहीं होने से आमजनता को नदी के उस पार आने-जाने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आई0टी0आई0 की मान्यता रद्द करने

*424. श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 07 जनवरी, 2024 में प्रकाशित शीर्षक ''राज्य में 30 प्रतिशत आई0टी0आई0 के पास भवन व लैब नहीं'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2023 में 83 निजी आई0टी0आई0 के मान्यता रद्द करने के लिए विभाग ने केन्द्र सरकार को अनुशंसा भेजने का निर्णय लिया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में 30 प्रतिशत से अधिक आई0टी0आई0 के पास शिक्षक, भवन और लैब नहीं है, साथ ही प्रत्येक वर्ष विभागीय जाँच-दल क्षेत्र भ्रमण कर सुविधा रहित आई0टी0आई0 की मान्यता रद्द करने का प्रतिवेदन देता है, पर कार्रवाई लंबित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित निजी 83 आई0टी0आई0 के मान्यता रद्द करने के मामले को केन्द्र सरकार को भेजने एवं बाकी सुविधा रहित आई0टी0आई0 की मान्यता रद्द करने की कार्रवाई का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जल निकासी की स्थाई व्यवस्था

*425. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के सिंहवारा प्रखंड अंतर्गत हरपुर पंचायत में डैनी सतकुरवा बलहा चौर में सैकड़ों एकड़ कृषि योग्य भूमि पर जल-जमाव होने से फसल बर्बाद हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इस चौर से जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*426. श्री आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखण्ड अन्तर्गत मदनपुर पूर्वी पंचायत अंतर्गत बसुल्ला दियारी गांव में इन्दु के घर से दियारी बसुल्ला एवं कमाल चैक से दियारी बसुल्ला तक सड़क जर्जर है, जिसके कारण लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित सड़क निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*427. श्री हरीभूषण ठाकुर ''बचोल'' (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी प्रखंड के घाटमटरा से सिंघासों चपरियसा होते हुए इटहरवा तक की सड़क विगत आठ वर्षों से जर्जर होने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*428. श्री मुकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-126 महुआ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महुआ प्रखंड में विसनपुर हीराराम उर्फ पहाड़पुर पंचायत एवं फतेहपुर पंचायत में बाया नदी पर पुल नहीं रहने से क्षेत्र की जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो जनहित में सरकार उक्त स्थलों पर बाया नदी के ऊपर कबतक पुलों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*429. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ०ज०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के प्रौणपुर प्रखण्ड के हावर से कमलानदी तक और मनिहारी प्रखण्ड के कुमारीपुर पंचायत के बोरनी से गरीघुट्टी तक मुख्यमंत्री सड़क बन गयी है, लेकिन बीच में इमली टोला के पास पुल के अभाव में दोनों सड़कों की सम्पर्कता नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इमली टोला के पास पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का जीर्णोद्धार

*430. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत रून्नी बाजार से रकसीया तक का पथ जर्जर है, जिससे लोगों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का निर्माण

*431. श्री छोटे लाल राय (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत प्रखण्ड दरियापुर के सुन्दरपुर-परसौना पथ में पुलकाहा पुल के बगल से बहमाडर जाने वाली पथ में लगभग 1.5 कि०मी० पथ कच्ची स्व जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के आगे तक विभाग द्वारा सड़क बनाया जा चुका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बचे हुये पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मतदान का अधिकार देना

*432. श्री लखेन्द्र कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-130 पातेपुर(अ०जा०))--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के माध्यम से जिला परिषद् पंचायत समिति, मुखिया, वार्ड सदस्य, पंच, सरपंच जीतकर आते हैं जिसमें सरपंच एवं पंच के अतिरिक्त सभी को एमएलसी चुनाव में मतदान करने का अधिकार देते हुये केवल पंच एवं सरपंच को इस अधिकार से वंचित रखा गया है, यदि हाँ, तो सरकार सरपंच एवं पंच को एमएलसी चुनाव में मतदान करने का अधिकार कबतक देने पर विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*433. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-194 आरा)--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र दिनांक 20 दिसम्बर, 2023 को प्रकाशित शीर्षक "जिलों में राशि पड़ी रही, नहीं मिल सका लोगों को लाभ" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि 15वें वित्त आयोग की टाइड व अनटाइड की जिला परिषद् में भेजी गयी राशि में से अररिया जिला परिषद् 1.51 प्रतिशत, पूर्णियाँ, जिला परिषद् 4.79 प्रतिशत, सीतामढ़ी जिला परिषद् 5.01 प्रतिशत और मधेपुरा

जिला परिषद्, 8.10 एवं पंचायत राज समितियों में भेजी गयी राशि में से जिला सहरसा 23.53 प्रतिशत, बेगूसराय 30.37 प्रतिशत, पूर्णियां 37.30 और मुजफ्फरपुर 37.91 प्रतिशत राशि खर्च हो गया है, लापरवाह अधिकारियों की शिथिलता के कारण पूर्ण राशि खर्च नहीं हो सका जिससे जिलों का विकास कार्य बाधित हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार राशि उपलब्धता के बावजूद खर्च नहीं करने वाले संबंधित पदाधिकारियों पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*434. श्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-9 सिकटा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पं० चम्पारण जिला अन्तर्गत रामपुर जीगना मार्ग में बिरहा नदी पर बना पुल वर्ष 2023 के कटाव से ध्वस्त हो चुका है तथा मैनाटाड़ से पकुहवां जाने वाली सड़क और मर्जदवा-बलिरामपुर पथ के बीच हरपत बेनी नदी पर पुल के अभाव में प्रखण्ड मुख्यालय से मर्जदवा रेलवे स्टेशन जाने का रास्ता बंद है जिससे लाखों लोगों का आवागमन में परेशानी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार दोनों जगहों पर आवागमन की समस्या के समाधान हेतु पुल का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*435. श्री समीर कुमार महासेठ (क्षेत्र संख्या-36 मधुबनी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधुबनी शहर के सिंघनियां चौक से स्टेडियम रोड होते हुये गाँधी चौक से सूरी हाई स्कूल तक की 4.20 कि०मी० सड़क तथा आर०के० कॉलेज से गदियानी होते हुये संतू नगर होते हुये बुबना उद्यान एन०एच० तक की सड़क पथ निर्माण विभाग को वर्ष 2023 में ही हस्तांतरित की जा चुकी है जिसके बाद अतिक्रमण हटाकर डी०पी०आर० भी प्रशासनिक स्वीकृति के लिये विभाग में समर्पित किया जा चुका है, परन्तु प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त नहीं होने के कारण अभीतक काम प्रारंभ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार डी०पी०आर० पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर कार्यारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नियम बनाना

*436. श्री विजय कुमार (क्षेत्र संख्या-169 शेखपुरा)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पथ निर्माण विभाग के द्वारा बनाये गये गाइडलाइन का पालन भवन निर्माण विभाग करती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पथ निर्माण के गाइडलाइन के अनुसार पथ निर्माण विभाग में SBD निविदा में भाग लेने वाले संवेदकों से Work Experience of Similar Nature Satisfactory at least one similar work of Value जो कि Estimated cost का 10% मांगा जाता है, लेकिन भवन निर्माण के द्वारा 50% मांगा जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पथ निर्माण विभाग के द्वारा SBD निविदा में पास करने वाले संवेदकों से Estimated cost का 10% मांगे जाने के गाइडलाइन के अनुरूप भवन निर्माण विभाग भी नियम रखने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जल निकासी की व्यवस्था कराना

*437. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोरवा प्रखण्ड के चकपहाड़ पंचायत अन्तर्गत रजवाड़ा चौर में जल-जमाव रहने के कारण इस क्षेत्र के सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि में खेती नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त चौर से जल निकासी की कबतक व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आहर/पईन का जीर्णोद्धार

*438. श्री वागी कुमार वर्मा (क्षेत्र संख्या-215 कुर्था)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के करपी प्रखंड के ग्राम पंचायत पुरैनिया अन्तर्गत परहा आहर/पईन का जीर्णोद्धार आवश्यक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आहर/पईन की उड़ाही हो जाने से इस क्षेत्र के सैकड़ों एकड़ जमीन की सिंचाई हो सकेगी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों को उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आहर/पईन का जीर्णोद्धार करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल को पूर्ण कराना

*439. श्री अमरजीत कुशवाहा (क्षेत्र संख्या-106 जीरादेई)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत नौतन प्रखंड के ग्राम पंचायत खलवा में नारायणपुर बढ़ई टोला के समीप हथुआ मैरवा वितरणी गंडक नहर में वर्षों से अर्द्धनिर्मित पुल के नाम पर सिर्फ पीलर ही बना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल के अभाव में लोगों को काफी दूरी तय करनी पड़ती है जिससे आमजनता को कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त अर्द्धनिर्मित पुल को कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

लाभ देना

*440. श्री सुदामा प्रसाद (क्षेत्र संख्या-196 तरारी)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में जीविका में जमीनी स्तर पर काम करने वाले समूहों की कुल संख्या 10.5 लाख है और प्रत्येक समूह में औसतन 12 जीविका दीदीयाँ कार्यरत हैं, जिनकी कुल संख्या लगभग 1,20,50,000 (एक करोड़ बीस लाख पचास हजार) है ;

(2) क्या यह बात सही है कि महिला सशक्तिकरण और रोजगार देने के मकसद से बिहार सरकार और केन्द्र सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में जीविका दीदीयों ने कुशलतापूर्वक निर्वहन किया ;

(3) क्या यह बात सही है कि इतनी बड़ी संख्या में ग्रामीण इलाके में कार्यरत इन महिलाओं को मिलने वाली राशि में भारी कटौती की गई ;

(4) यदि हाँ, तो सरकार जीविका दीदीयों के गरिमामय जीवन जीने हेतु नियुक्ति-पत्र व पहचान- पत्र देने मानदेय कंट्रीब्यूशन सिस्टम पर अविलम्ब रोक लगाने, मानदेय का भुगतान नियमित और बैंक खाते में करने, प्रखंड स्तर पर काम करने वाले कैडर का मानदेय 18,000@ रुपया, संकुल (सी०एल०एफ०) स्तर पर 15,000 रुपया, ग्राम संगठन (भी०ओ०) स्तर पर 13,000@ रुपया, स्वयं सहायता समूह (एस०एच०जी०) स्तर पर 12,000 रुपया करते हुये इन सबों को नौकरी कम-से-कम 60 साल करने तथा सबको सामाजिक सुरक्षा, अवकाश, मातृत्व अवकाश, मेडिकल का लाभ देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नाला की सफाई

*441. श्री राम सिंह (क्षेत्र संख्या-4 बगहा)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बगहा 01 प्रखंड के लागुनाहा-चौतरवा पंचायत के ग्राम-चौबरिया में ग्राम-मठिया सिहराहा नाला की सफाई कार्य नहीं होने से सड़क पर जल-जमाव हो जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत के गांवों में अवस्थित नाला की सफाई कार्य नहीं होने से प्रतिवर्ष लगभग 4000 एकड़ कृषि योग्य भूमि बर्बाद हो रहा है तथा उसपर खेती का कार्य भी नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नाला के सफाई का कार्य बरसात पूर्व कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अनुग्रह अनुदान की राशि का भुगतान

*442. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि श्री रामवली सहनी, पिता-चलितर सहनी, ग्राम+पो-कटैया, प्रखंड बासोपट्टी, जिला मधुबनी जो ग्राम पंचायत कटैया के वार्ड नं० 10 ग्राम कचहरी पंच के पद पर दिनांक 26 अक्टूबर, 2021 को निर्वाचित हुये थे जिनका दिनांक 23 सितम्बर, 2023 को सेवाकाल में ही निधन हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मृतक के आश्रित पत्नी रिंकी देवी ने दिनांक 22 नवम्बर, 2023 को आवश्यक कागजात के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी को अनुग्रह अनुदान की राशि भुगतान करने हेतु आवेदन दिया था परन्तु अभीतक भुगतान नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक मृतक के आश्रित पत्नी को अनुग्रह अनुदान की राशि भुगतान कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*443. श्री राजवंशी महतो (क्षेत्र संख्या-141 चेरिया बरियारपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत चेरिया बरियारपुर प्रखंड के ग्राम-ठठा से भीठ बांग तक जाने वाली सड़क निर्माण हेतु पिछले दो वर्ष से स्वीकृत है तथा यह सड़क का शिलान्यास दो वर्ष पूर्व ही होने के बावजूद सरकारी कर्मी के मिलीभगत के कारण निर्माण कार्य अधूरा है जिससे आमजनता को आवागमन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार संलिप्त पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुये निर्माण कार्य कबतक पूर्ण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

संपर्क पथ का निर्माण

*444. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभूतिपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखंड अन्तर्गत पंचायत मानदा के मानदा, वार्ड संख्या 08 में मुस्लिम टोला से मुख्य सड़क तक सम्पर्क पथ नहीं होने से लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार वार्ड संख्या 08 से मुख्य सड़क तक सम्पर्क पथ कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बांध का मरम्मती कराना

*445. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (क्षेत्र संख्या-127 राजापाकर (अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला में देसरी प्रखंड अन्तर्गत चंदपुरा-खड़गपुर वाटरवेज बाँध जीर्ण-शीर्ण है जिसे मरम्मत कराना अतिआवश्यक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बाँध पर सड़क निर्माण नहीं होने से आवागमन में परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक देसरी प्रखंड अंतर्गत उक्त बांध का मरम्मत कराने और उस बांध पर सड़क निर्माण कराने विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*446. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत रतनी फरीदपुर प्रखंड मुख्यालय का भवन नहीं रहने से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्य निष्पादन करने में एवं ग्रामीणों को कार्य कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक रतनी फरीदपुर प्रखंड मुख्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का जीर्णोद्धार

*447. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के पिपराकोठी प्रखंड अन्तर्गत मझरिया भोगवा आम से मध्य विद्यालय, मझरिया तक सड़क जर्जर अवस्था में है जिससे ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क निर्माण

*448. श्री रित लाल राय (क्षेत्र संख्या-186 दानापुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत ग्राम पंचायत लखनी बिगहा में डॉ० रंजन कुमार के घर से पश्चिमी लाल बाबू प्रसाद के घर एवं संजय चौधरी के बाउंड्रीवॉल होते अजीत सिंह के घर तक सड़क कच्ची है, यह सड़क कच्ची होने से बरसात में जल-जमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है जिससे आवागमन अवरुद्ध हो जाता हैं एवं बरसात के दिनों में स्थानीय निवासियों एवं राहगीरों को पैदल चलने में काफी कठिनाई होती है तथा नारकीय स्थिति से गुजरना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार आमजन की समस्याओं को ध्यान में रखते हुये उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कैम्पा से अनुमति

*449. श्री समीर कुमार महासेठ (क्षेत्र संख्या-36 मधुबनी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधुबनी शहर के निधि चौक से स्टेशन तक सड़क एवं नाला निर्माण का काम प्रारंभ हुआ था परन्तु पर्यावरण एवं वन विभाग के पटना स्थित कार्यालय कैम्पा से अनुमति प्राप्त नहीं होने के कारण कार्य बंद कर दिया गया, यदि हाँ, तो सरकार कबतक कैम्पा से अनुमति प्राप्त कर उपर्युक्त काम को कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*450. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के किशनपुर प्रखंड के ग्राम-चौहट्टा से फुलकाहा होते हुये पूर्वी कोसी तटबंध तक जाने वाली सड़क एवं मलाढ़ मुख्य सड़क संथरिया पुनवास होते हुये कोसी तटबंध पूर्वी भाग के पूरब जाने वाली सड़क में पुल नहीं रहने के कारण बाढ़ के समय कोसी तटबंध के भीतर के कई गाँवों के आमलोगों को मुख्य सड़क तक सम्पर्कता नहीं हो पाता है जिससे जानमाल का खतरा बना रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों में पुल का निर्माण कराने का विचार विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*451. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के कोरियापट्टी से नरैला तक की सड़क का निर्माण कार्य 8 वर्ष पूर्व हुआ था जो जर्जर हो चुका है तथा कोरियापट्टी से सिरीयापुर तक का भी सड़क क्षतिग्रस्त हो चुका है जिससे आमजनों को यातायात में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ब्रिज का निर्माण

*452. श्री प्रमोद कुमार सिन्हा (क्षेत्र संख्या-10 रक्सौल)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत रक्सौल प्रखंड के नोनयाडीह पंचायत में भी रामपुर साह टोली में पूर्व से निर्मित लोहा का पुल क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे आमजनों के आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार लोहा के पुल के स्थान पर हाई लेवल ब्रिज का निर्माण करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का पुनर्निर्माण

*453. श्री जय प्रकाश यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत नरपतगंज प्रखंड स्थित गोखलापुर पंचायत के अचितनगर गेट में कोचगामा होते हुये बेलसंडी तक जाने वाली सड़क जर्जर स्थिति में होने के कारण स्थानीय छात्र-छात्राओं एवं आमजनों को आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित जर्जर सड़क के पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का निर्माण

*454. श्री सुदामा प्रसाद (क्षेत्र संख्या-196 तरारी)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के डुमरा मंदनपुर पंचायत के वार्ड नं० 10 में महादलित (रविदास) बिरादरी के करीब 100 लोगों का टोला है जहां आजतक पहुँच पथ नहीं है, जिस कारण वहां साईकिल भी नहीं जा सकती है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार उक्त महादलित टोला में पहुँच पथ निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

-------------

योजना का कार्य कराना

*455. श्री बीरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-139 रोसड़ा (अ०जा०))--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के रोसड़ा विधान सभा अंतर्गत शिवाजीनगर प्रखंड में घिवाही पंचायत वार्ड सं० 04, दसौत पंचायत वार्ड सं० 03, जाखरधर्मपुर पंचायत वार्ड सं० 02 एवं करियन पंचायत के वार्ड सं० 4 और 07 में जल नल का पानी आपूर्ति नहीं किया है, जिसमें आमलोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायत में लंबित जल नल योजना कार्य को कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुलिया का निर्माण

*456. श्री प्रणव कुमार (क्षेत्र संख्या-165 मुंगेर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के सदर प्रखंड अंतर्गत शंकरपुर पंचायत में अभियंत्रण महाविद्यालय, मुंगेर से शंकरपुर होते हुए गंगा किनारे तक बड़ा नाला गया है जो कच्चा है तथा ऊपर बीच-बीच में बने पुलिया भी टूट गया है जिससे वहां रह रहे लोगों को आने-जाने में बहुत कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नाला पक्कीकरण तथा उस पर बने पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*457. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग,, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के आर0 टी0 मोहन पंचायत के शुभंकरपुर गाँव में डोरिया माईनर के कच्ची सड़क से सटे हजारों की आबादी वाले गाँव के किसानों, छात्र-छात्राओं एवं आमजन को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित डोरिया माईनर के कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क निर्माण

*458. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत पिपरा प्रखंड के पंचायत बसहा के देव नारायण मंडल के घर से चौधरी टोला होते हुए तिलावे नदी के आगे मुख्यमंत्री सड़क तक एवं पंचायत ठाडी गम्हरिया उप-शाखा नहर मुख्यमंत्री सड़क से सुखासन जाने वाली पी0डब्ल्यू0डी0 सड़क तक सम्पर्क पथ नहीं रहने के कारण स्थानीय लोगों के साथ-साथ आमजनों को यातायात में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*459. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्णियां अन्तर्गत प्रखंड अमौर के 500 से अधिक आबादी वाले ग्राम ''लहरिया से लाल टोली'' जाने वाली सड़क अबतक कच्ची है, इस सड़क का पक्कीकरण नहीं होने से लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

गली-नाली पक्कीकरण कराना

*460. श्री मुकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-126 महुआ)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के हिलसा प्रखण्ड के चिकसौरा पंचायत के वार्ड नं0-07 हरिवंशपुर, पुना पंचायत के वार्ड नं0-12 भवदास बिगहा, कराय प्रखंण्ड के गोन्दु बिगहा पंचायत के वार्ड नं0-12, गणपत बिगहा, इन्दौत पंचायत के वार्ड नं0-07 एवं नवादा जिले के नवादा सदर के महुली पंचायत के वार्ड नं0-7, 8, 9, 10 में मुख्यमंत्री ग्रामीण गली-नाली पक्कीकरण योजना के लाभ से वंचित हैं ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार विभागीय पत्रांक 8043, दिनांक 21 दिसम्बर, 2020 से मुख्यमंत्री ग्रामीण गली-नाली निश्चय योजना का लाभ छूटे हुए उक्त वर्णित वार्डों को गली-नाली पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाईपास का निर्माण

*461. श्री मोहम्मद नेहालउद्दीन (क्षेत्र संख्या-224 रफीगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत प्रखंड रफीगंज के नगर पंचायत में प्रतिदिन जाम की स्थिति बनी रहती है, बाईपास सड़क नहीं बनने के कारण आम जनता को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है साथ ही हमेशा दुर्घटना होती रहती है यदि हाँ, तो सरकार कबतक ग्राम पंचायत ढोसिला के ग्राम-चातर मोड़ से नौआखाप होते हुए पंचायत केराप के लभरी से कर्मा तक रफीगंज नगर पंचायत के बाहर से बाईपास बनाने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*462. श्री शंम्भू नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रहमपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के सेमरी प्रखण्डान्तर्गत चक्की गंगोली पी0डब्लू0डी0 रोड से ग्राम-गंगोली बांध तक सड़क 01 कि0मी0 है जो जर्जर स्थिति में है, जिससे वाहन को आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार सेमरी प्रखण्डान्तर्गत चक्की गंगोली पी0डब्लू0डी0 रोड से ग्राम-गंगोली बांध तक की 01 कि0मी0 सड़क को कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा का भुगतान

*463. श्री मोती लाल प्रसाद (क्षेत्र संख्या-23 रीगा)—क्या मंत्री, ग्रमीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बैरगनिया प्रख़ण्ड अन्तर्गत जमुआ से मधुछपड़ा जाने वाली पथ में लाल बकेया नदी पर अधूरे पुल का निर्माण कार्य ठप्प है एवं पुल निर्माण में किसानों के लिए जमीन का मुआवजा अभीतक नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पुल का निर्माण कार्य पूरा कर और किसानों के जमीन का मुआवजा का भुगतान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मनरेगा पार्क बनाना

*464. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत तुरकौलिया प्रखण्ड के महनवा बाजार स्थित अमृत सरोवर पोखरा के बगल में एक एकड़ सरकारी खाली जमीन बंजर पड़ा हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पोखरा के बगल में खाली जमीन पर मनरेगा पार्क नहीं बनाये जाने से बाजार वासी एवं सुदूर ग्रामीण जनता पार्क का आनन्द एवं स्वास्थ्य लाभ नहीं ले पा रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सरकारी जमीन पर कबतक मनरेगा पार्क बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*465. श्री नीरज कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-45 छातापुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फुलवारी अंचल में बसंत चैक से एम्स जाने वाली सड़क में शिव राय के घर से उत्तर जिसका खाता सं० 356, 357, 358 एवं 359 मौजा का सीमान है, जिसमें सड़क का निर्माण नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सीमान में सड़क नहीं रहने के कारण आमजनता को घर बनाने एवं आने-जाने में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सीमान में सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

उम्र सीमा घटाना

'च'-*466. श्री गोपाल रविदास (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ०जा०))--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के पड़ोसी राज्य झारखंड में वृद्धा पेंशन लाभ के लिये उम्र सीमा 60 से घटाकर 50 वर्ष कर दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विकलांगों को बिहार में वृद्धा/विधवा के तहत ही 400 रुपये प्रति महीना पेंशन मिलता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार में भी वृद्धा पेंशन लाभ की उम्र सीमा 60 से घटाकर 50 वर्ष करने तथा विकलांगों को दोहरी राशि 800 रुपये भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) उत्तर आंशिक स्वीकारात्मक है । बिहार के पड़ोसी राज्य झारखंड में राज्य के महिलाओं तथा अनुसूचित जनजाति (ST) एवं अनुसूचित जाति (SC) वर्ग के 50-60 वर्ष आयुवर्ग के व्यक्तियों को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ दिये जाने का प्रावधान है।

(2) उत्तर स्वीकारात्मक है ।

(3) बिहार राज्य में कुल 100.01 लाख पेशनधारियों को मासिक पेंशन भुगतान किया जा रहा है, जिसमें से 76.83 लाख (छिहत्तर लाख तेरासी हजार) वृद्ध पेंशनधारी, 13.35 लाख (तेरह लाख पैंतीस हजार) विधवा पेंशनधारी तथा 9.82 लाख (नौ लाख बेरासी हजार) दिव्यांग पेंशनधारी हैं। राज्य में पेंशन

नोट— 'च'- ग्रामीण विकास विभाग के ज्ञापांक 2548871, दिनांक 8 फरवरी, 2024 द्वारा समाज कल्याण विभाग में स्थानान्तरित ।

भुगतान हेतु वार्षिक लगभग 4951 करोड़ (चार हजार नौ सौ इक्यावन करोड़) रुपये का व्यय किया जाता है, जिसमें भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 1436.17 करोड़ (एक हजार चार सौ छत्तीस करोड़ सत्रह लाख) रुपये ही पेंशन भुगतान के लिये प्राप्त होता है, शेष लगभग 3515 करोड़ (तीन हजार पाँच सौ पंद्रह करोड़) रुपये प्रतिवर्ष राज्य सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है।

वर्तमान में दर वृद्धि एवं वृद्धा पेंशन योजना में उम्र सीमा 60 वर्ष से 50 वर्ष करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

-------------

सड़क का निर्माण

*467. श्री रामप्रीत पासवान (क्षेत्र संख्या-37 राजनगर (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत प्रखण्ड राजनगर के (i) चिचरी से मौआही, (ii) चिचरी पेट्रोल पंप से नारायण पट्टी एवं (iii) बेलबार बजरंगबली चौक से जितवारपुर बजरंगबली चौक तक की तीनों सड़कें जर्जर हैं जिससे आमजनता को आवागमन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इन तीनों सड़कों को बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का चौड़ीकरण

*468. श्री राजवंशी महतो (क्षेत्र संख्या-141 चेरिया बरियारपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत खोदावन्दपुर प्रखण्ड के मोकड़ी चैक से समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर चीनी मिल तक जाने वाली सड़क की चौड़ाई बहुत ही कम है इस सड़क पर गन्ना लदे भारी वाहन का आवागमन होते रहता है तथा जाम की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कटाव से बचाना

*469. श्री सत्यदेव राम (क्षेत्र संख्या-107 दरौली (अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि उत्तर प्रदेश सरकार सरयू (घाघरा) नदी के पश्चिम किनारे तरफ बलिया जिले के कठौरा ग्राम के समक्ष 500-500 मी० के अंतराल पर लंबे-लम्बे स्पर (ठोकर) बना दिया गया है, जिसके कारण सीवान जिला के विधान सभा दरौली, के दरौली प्रखण्ड के अन्तर्गत दर्जनों गांव में तीव्र कटाव होती है जिससे बिहार के हजारों एकड़ भूमि उत्तर प्रदेश में चली गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि तकनीकी सलाहकार समिति द्वारा एजेंडा संख्या 195/33/2023 के अंतर्गत कटाव को रोकने हेतु रु० 908.54 करोड़ की लागत से प्रस्तावित योजना की स्वीकृति नहीं मिलने के कारण कार्य प्रारंभ नहीं किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्रस्तावित योजना की स्वीकृति कबतक देकर दर्जनों गांव एवं हजारों एकड़ भूमि को कटाव से बचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*470. श्री अमरजीत कुशवाहा (क्षेत्र संख्या-106 जीरादेई)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अन्तर्गत जीरादेई प्रखंड में मनीया आर०डब्ल्यू०डी० सड़क से गजीयापुर बैदवलिया आर०डब्ल्यू०डी० सड़क तक बिल्कुल जर्जर स्थिति में है जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*471. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के बिहियां प्रखंड के अंतर्गत अमराई नवादा एन०एच० 84 से कटेया के बीच ग्रामीण सड़कों पर वर्षों पुराना पुल अवस्थित है, जो जर्जर स्थिति में है जिसके कारण वहां के स्थानीय लोगों के साथ-साथ आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जर्जर पुल के पास नये पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*472. श्री केदार प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-93 कुढ़नी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखंड में आजादी के बाद भी कोबीया मंलग स्थान से महेश्वर सिंह के घर तक सड़क जर्जर है जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क के जनहित में बनाने की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का निर्माण

*473. डॉ० रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य प्रमंडल, हिलसा के अंतर्गत प्रखंड करायपरशुराय के अंतर्गत लोकायन नदी में कमरथू के पास पुल निर्माण होने के उपरांत भी हिलसा प्रखंड के ग्वाल बिगहा (लोहंडा) भाया मुर्गियाचक/तुफानी पर सड़क निर्माण नहीं होने से अनुमंडल मुख्यालय, हिलसा जाने के लिये लोगों को 03 कि०मी० की बजाय 20 कि०मी० दूरी तय करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्णित पथ का निर्माण नहीं होने से पुल निर्माण से सरकारी राशि का दुरूपयोग एवं जनहित का कोई फायदा नहीं है एवं विभागीय पत्रांक 2130, दिनांक 14 दिसम्बर, 2023 के द्वारा कार्यपालक अभि०, हिलसा को दी गई निर्देश का अनुपालन करना चाहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक वर्णित पथ का निर्माण कर हिलसा, करायपरशुराय दोनों प्रखंड को जोड़ना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*474. मो० आफाक आलम (क्षेत्र संख्या-58 कसबा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के सौरा नदी के रौशन घाट एवं सौरा नदी के कोला घाट पर पुल का निर्माण नहीं होने के कारण घाट के आर-पार आवागमन में कठिनाई हो रही, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का पक्कीकरण

*475. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 बिक्रम)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत सड़क पक्कीकरण करने का प्रावधान किया गया है, परन्तु बिक्रम विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत प्रखंड नौबतपुर के ग्राम-शहररामपुर से महम्मदपुर, गोपालपुर होते हुये टिल्लुचक घाट तक सड़क का पक्कीकरण नहीं होने से आमजन के साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सम्पर्क सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नलकूप को सुचारू रूप से चलवाना

*476. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखंड अन्तर्गत गंगवारा बुर्जुग पंचायत के मेहसोल में नलकूप 30 वर्षों से स्थापित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नलकूप में बिजली की आपूर्ति एवं खेतों में पाईप लाईन सही ढंग से नहीं होने के कारण किसानों को पटवन का लाभ नहीं मिल पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक नलकूप को सुचारू रूप से चलवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नाला का निर्माण

*477. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत हसपुरा प्रखंड के काजी बीघा मोड़ (पेट्रोल पंप) से धोबी घाट तक तथा गोह प्रखंड के गोह उपहरा पथ पर तुलसी बीघा के दोनों तरफ नाला नहीं होने से पानी के निकासी में समस्या उत्पन्न हो रही है, जबकि दोनों जगह पथ निर्माण विभाग का सड़क है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों स्थानों पर कबतक नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन निर्माण

*478. श्री सत्येदव राम (क्षेत्र संख्या-107 दरौली (अ०जा०))--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत मुख्यालय में कोई भी बड़ा सरकारी भवन नहीं बना है, जिसमें सरकारी या गैर-सरकारी तीन-चार हजार में अधिक संख्या वाले कार्यक्रम आयोजित किया जा सके ;

(2) क्या यह बात सही है कि कोई बड़ा सभागार नहीं होने के कारण सरकारी या गैर-सरकारी कार्यक्रम का आयोजन करने के लिये निजी होटलों एवं खुले मैदान में टेंट का सहारा लेना पड़ता है जो काफी खर्चीला होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बापू के अनन्य सहयोगी, महान स्वतंत्रता सेनानी मौलाना मजरूल हक के नाम पर एक मजरूल हक सभागार सीवान में बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क की मरम्मती

*479. श्री अवधेश सिंह (क्षेत्र संख्या-123 हाजीपुर)--क्या मंत्री, ग्रमीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के हाजीपुर प्रखंड अन्तर्गत NH. 22 चैला चौक से शाही जी के घर तक, आरा RCD रोड से अररा पश्चिम टोला भगवती स्थान तक वीरोपुर से पानापुर लंगा रोड नैनहा सीमा तक की सड़कें काफी क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे आमजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार हाजीपुर प्रखंड अन्तर्गत उक्त सभी क्षतिग्रस्त सड़कों को मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नाला का जीर्णोद्धार

*480. श्री विनय कुमार (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ प्रखण्ड के मध्य विद्यालय, गुरूआ से भुईया बिगहा होते हुये पूर्व में पटवन हेतु उपयोग में आने वाला नाला जो भोरहर नहर का शाखा है, भुईया बिगहा से होते हुये पवरा, सिमारू होते हुये गुरारू प्रखण्ड के नौ क्षेत्रों को सिंचित करता था, वर्तमान में जीर्ण-शीर्ण है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नाला जीर्ण-शीर्ण रहने के कारण किसानों को पटवन करने में काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नाला का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*481. श्री राम नारायण मंडल (क्षेत्र संख्या-161 बाँका)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला अन्तर्गत बांका प्रखण्ड के दक्षिण कटेली पंचायत के रामपुर ग्राम में रामपुर नदी में पुल नहीं रहने से दक्षिण कटेली पंचायत के रामपुर यादव टोला, पंडित टोला, तुरी टोला एवं ककवारा पंचायत के बिसवाटाँड गाँवों में आमजनों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँव में रामपुर नदी में पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*482. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन (क्षेत्र संख्या-133 समस्तीपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड समस्तीपुर के मोहनपुर SH निकट पॉवर हाउस के निकट से संत कबीर कॉलेज, कोरबद्धा को जाने वाली सड़क काफी जर्जर है, यह सड़क जर्जर होने के कारण आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे एक बड़ी आबादी को SH तक जाने के लिये अधिक दूरी (6 KM) तय करना पड़ता है यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का पक्कीकरण

*483. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ पूर्व प्रखंड अन्तर्गत गौरा पंचायत में सपनी लोहापुर से कदवाडांगी आदिवासी टोला तक सड़क कच्ची है, यह आदिवासी का बड़ा गाँव है, आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*484. श्री अनिल कुमार (क्षेत्र संख्या-24 बथनाहा (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत मेजरगंज प्रखंड के हिरोलवा में हिरोलवा रामजी साह के घर से डिहठी गांव की सीमा तक सड़क अत्यंत ही जर्जर अवस्था में है, यह सड़क खराब होने के कारण आमजनों को दुर्घटना का सामना करना पडता है, यदि हाँ, तो सरकार हिरोलवा रामजी साह के घर से डिहठी गांव की सीमा तक सड़क निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का चौड़ीकरण

*485. श्री ललित नारायण मंडल (क्षेत्र संख्या-157 सुलतानगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले के सुलतानगंज-शाहकुण्ड भाया मुरारका कॉलेज सुलतानगंज जर्जर स्थिति में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त पथ श्रावणी मेला के दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा सुलतानगंज को शाहकुण्ड से जोड़ने वाला कम लम्बाई का महत्वपूर्ण सड़क है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त सड़क का चौड़ीकरण के साथ-साथ जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का जीर्णोद्धार

*486. श्री मुहम्मद इजहार असफी (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन )--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के कोचाधामन विधान सभा अन्तर्गत प्रखण्ड कोचाधामन में पंचायत गरगाव के डीबी 50 आर०सी०डी० सड़क बैरागपुर से मोहरा पेट्रोल पंप होते हुये सड़कपोरा तक गुजरती है, यह सड़क की स्थिति अत्यंत ही जर्जर है, जिस पर वाहनों के परिचालन में आये दिन समस्याओं का सामना एवं दुर्घटनाएं घटने की संभावना बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार/मरम्मती कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नाला निर्माण

*487. श्री रामबली सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के घोसी हूलासगंज पथ में आरसीसी की सड़क में खपुरा गांव के पास सड़क किनारे नाला निर्माण कर किसानों के खेत में ही छोड़ देने की वजह से जल-जमाव की समस्या उत्पन्न हो गया है तथा सड़क पर आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क की मरम्मती

*488. श्री अवधेश सिंह (क्षेत्र संख्या-123 हाजीपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के हाजीपुर प्रखण्ड अन्तर्गत पानापुर लंगा भुईयां स्थान जाने वाली सड़क सेन्दुआरी से नीमचक (एकलव्य द्वार) से सपहा, तक, सपहा से गुमटी कंसारा तक की सड़कें काफी क्षतिग्रस्त हो गयी है, जिससे आमजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार हाजीपुर प्रखण्ड अन्तर्गत उक्त सभी क्षतिग्रस्त सड़कों को मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पी0डब्लू0डी0 में सड़क का अधिग्रहण

*489. श्री रामप्रीत पासवान (क्षेत्र संख्या-37 राजनगर (अ0 जा0))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अंतर्गत पंडौल से रामपट्टी पी0डब्लू0डी0 सड़क है और कलुआही से खजौली भी एक पी0डब्लू0डी0 सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रामपट्टी से वाया राजनगर, खजौली, ठाहर तक जानेवाली सड़क भी पी0डब्लू0डी0 सड़क में मिलती है जिसकी लम्बाई 15 Km है जो पी0डब्लू0डी0 सड़क का सभी मानक पूरा करती है, यदि हाँ तो क्या सरकार रामपट्टी से राजनगर होते हुए ठाहर तक जानेवाली 15 Km सड़क का पी0डब्लू0डी0 में अधिग्रहण करने का विचार करती हैं, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पंचायत में शामिल करने के संबंध में

*490. श्री सुर्यकान्त पासवान (क्षेत्र संख्या-147 बखरी (अ0 जा0))--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला अंतर्गत डंडारी प्रखण्ड के कटरमाला उत्तर पंचायत को नावकोठी प्रखंड में शामिल नहीं होने के कारण कटरमाला उत्तरी पंचायत के जनता को 15 किलो मीटर घूमकर प्रखंड जाना पड़ता है इसके संबंध में पंचायत समिति की बैठक में उक्त पंचायत को नावकोठी प्रखंड में शामिल करने हेतु प्रस्ताव जिलाधिकारी, बेगूसराय दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक कटरमाला उत्तरी पंचायत को नावकोठर पंचायत में शामील करने का विचार रखती है नहीं, तो क्यों.?

--------

नहर प्रणाली का जीर्णोद्धार

*491. श्री सुधाकर सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के नुआंव प्रखण्ड अंतर्गत तियरा पम्प हाउस के नहर प्रणाली का जीर्णोद्धार कार्य केवल मुख्य नहर एवं वितरणी संख्या-01 में ही कराया जा रहा हैं, जिसमें विगत 40 वर्ष पहले लघु सिंचाई अन्तर्गत कराए गए वितरणी संख्या-02 (तरैथा-चिन्तामनपुर नहर) को प्राक्कलन में शामिल नहीं होने के कारण इसका जीर्णोद्धार कार्य नहीं हो सका है, फलस्वरूप वितरणी संख्या-02 से होने वाले गाँव जैसे-तरैथा, चिन्तामनपुर, नहरन एवं जुझारपुर इत्यादि का पटवन नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पम्प हाउस के नहर प्रणाली के वितरणी संख्या-02 का जीर्णोद्धार कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुलिया का निर्माण

*492. श्री चन्द्रहास चौपाल (क्षेत्र संख्या-72 सिंहेश्वर (अ0 जा0))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के शंकरपुर प्रखण्ड के रायभीड़ पंचायत अंतर्गत वार्ड नं0-9 में भगवान दास के घर के पास नहर पर तथा वार्ड नं0-10 में छपरीय टोल और गरेरी टोल के बीच नहर पर पुलिया नहीं होने के कारण आमलोगों को आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ तो सरकार कबतक उक्त वर्णित स्थलों पर पुलिया निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*493. श्रीमती निशा सिंह (क्षेत्र संख्या-66 प्राणपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के प्राणपुर विधानसभा के प्राणपुर प्रखंड अंतर्गत रोशना महानंदा बांध से पूर्व NH 81 तक सड़क पक्की नहीं होने के कारण आमलोगों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सिंचाई की व्यवस्था

*494. श्री वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-9 सिकटा)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला अन्तर्गत सिकटा प्रखंड के बेहरा गाँव के पास डेणुआ नदी पर प्रस्तावित चेक डैम बीयर जल-जीवन हरियाली योजनान्तर्गत स्वीकृत करने के बजाय पी0एम0के0एस0वाई0 योजनान्तर्गत स्वीकृति के लिये भेजकर ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत मैनाटाड़ प्रखंड के घोड़ पकड़ी में नदी-नाले पर बना छलका 10 साल पहले ध्वस्त हो चुका है जिससे सिंचाई कार्य बंद है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दोनों जगहों पर सिंचाई की समस्या का समाधान कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बांध का पी0सी0सी0 करण

*495. श्री ललित नारायण मंडल (क्षेत्र संख्या-157 सुलतानगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले के सुलतानगंज प्रखंड में गंगा बाढ़ से सुरक्षा हेतु मंझली-कमरगंज बांध अतिमहत्वपूर्ण है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस बांध से मंझली एवं कमरगंज गांवों के बीच यातायात भी होता है तथा बीच में फोर लेन सड़क बन रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मंझली एवं फोर लेन पथ के बीच बांध का पी0सी0सी0 करण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बांध की मरम्मती

*496. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभूतिपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखंड अन्तर्गत चोरा टभका पंचायत के चाँदसुरारी, रोटगन्ना, सैदपुर बन्हैती गाँव के बीच बैती बलुआही नदी के दोनों किनारे बाँध क्षतिग्रस्त होने से पंचायत चोरा टभका, समेत विभूतिपुर उत्तर एवं पूरब, नरहन, भूसवर इत्यादि पंचायतों के किसानों का फसल पानी में डूबने से हर साल बर्बा हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार चाँदसुरारी, रोटगन्ना एवं सैदपुर बन्हैती गाँव के बीच क्षतिग्रस्त बाँध की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*497. श्री मनोज यादव (क्षेत्र संख्या-163 बेलहर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत प्रखण्ड धंभूयंजन के ग्राम पंचायत बरसात में शेझगाय से कसक चौक तक कच्ची सड़क है, जिससे बरसात के दिनों में आम जनों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का चौड़ीकरण

*498. श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत साहू परवत्ता चौक से तेतरी दुर्गा मन्दिर तक सड़क का चौड़ीकरण नहीं होने के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का अविलम्ब चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथों का चौड़ीकरण

*499. श्रीमती बीमा भारती (क्षेत्र संख्या-60 रूपौली)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत रूपौली विधान सभा में धमदाहा कार्य प्रमंडल 2 का मुख्य पथ डोभा चैक से भया भिखना, मिठ्ठा होते हुये मधेपुरा सीमा तिरासी चौसा तक 21 किलो मीटर पथ है जो एक जिला से दूसरे जिला को जोड़ती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथों से छोटी-बड़ी गाड़ियों का आवागमन अत्यधिक होने के कारण जाम एवं दुर्घटना प्राय: होती रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पथों को चौड़ीकरण (आर०सी०डी०) में तब्दील के साथ ही जल निकासी हेतु नाला का निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बाढ़ से बचाव

*500. श्री रामवृक्ष सदा (क्षेत्र संख्या-148 अलौली (अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली प्रखण्ड के सहरबनी पंचायत, चेरा खेरा पंचायत, अननपुर पंचायत और दहमा खैरी खुटा पंचायत में करेह नदी प्रवाहित होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नदी में बाढ़ आने पर उक्त क्षेत्रों की हजारों एकड़ भूमि बाढ़ से प्रभावित होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र को कबतक उक्त नदी की बाढ़ से बचाव करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

तालाबों का सौन्दर्यीकरण

*501. श्रीमती स्वर्णा सिंह (क्षेत्र संख्या-79 गौड़ाबौराम)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि उप-विकास आयुक्त, दरभंगा ने अपने कार्यालय पत्रांक 873, दिनांक 14 जून, 2021 एवं पत्रांक 21, दिनांक 5 जनवरी, 2022 द्वारा कार्यक्रम पदाधिकारी, किरतपुर/गौड़ाबौराम/बिरौल को पाँच एकड़ से कम रकबा वाले 40 सरकारी तालाबों को जल-जीवन-हरियाली योजना के तहत सौन्दर्यीकरण करने का निर्देश दिये थे ;

(2) क्या यह बात सही है कि उप-विकास आयुक्त, दरभंगा द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में एक भी तालाब का जल-जीवन-हरियाली योजना के तहत अभीतक सौन्दर्यीकरण नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उप-विकास आयुक्त, दरभंगा द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में सरकारी तालाबों को जल-जीवन-हरियाली योजना के तहत सौन्दर्यीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पक्की सड़क का निर्माण

*502. श्री नारायण प्रसाद (क्षेत्र संख्या-6 नौतन)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण के चम्पारण तटबंध के 35.20 कि०मी० से लेकर 66.00 कि०मी० तक तटबंध पर पक्की पथ का निर्माण कराने हेतु कार्यपालक अभियंता, जल निस्सरण प्रमण्डल, बेतिया ने अपने पत्रांक 57, दिनांक 10 जनवरी, 2022 से प्रस्ताव तैयार कर अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण अंचल, मोतिहारी को भेजा है एवं उक्त बाँध पर पक्की सड़क निर्माण कराने की प्रक्रिया तथा सर्वे वर्ष 2016 से चल रहा है जो वर्ष 2023 तक अपूर्ण है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित तटबंध पर पक्की सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*503. श्री राम विशुन सिंह (क्षेत्र संख्या-197 जगदीशपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर प्रखंड में हरिगाँव इचरी पथ में बरनाँव महादलित मुहल्ला के पास एवं मसुढ़ी से मंगुरा पथ में असुधर ग्राम के पास पुल अत्यंत जर्जर अवस्था में है जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित क्षतिग्रस्त दोनों पुलों को नये सिरे से कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

दोषी पर कार्रवाई

*504. श्री राजेश कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-104 हथुआ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत फुलवरिया प्रखंड के पंचायत कोयलादेवा के अमवा घाट झरही नदी पर विगत 5/7 वर्ष पूर्व पुल निर्माण का कार्य आरंभ हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्णित पुल का अबतक निर्माण कार्य अधूरा है एवं संवेदक कार्य अधूरा छोड़कर फरार है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित पुल का निर्माण पूर्ण करने के साथ ही दोषी संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नाम अंकित कराना

*505. श्री अमर कुमार पासवान (क्षेत्र संख्या-91 बोचहाँ (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बोचहाँ विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण कार्यक्रम योजनान्तर्गत कई सड़कों का शिलान्यास माननीय मुख्यमंत्री, बिहार सरकार से विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम के द्वारा किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजनान्तर्गत एनडीबी कनीय इनार पथ स्वरूप राय हाऊस से बल्थी रसूलपुर राम जनम हाऊस तक पथ के शिलान्यास शिलापट्ट पर बोचहाँ का नाम अंकित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पथ के शिलान्यास शिलापट्ट पर जाँच कराते हुये बोचहाँ विधायक का नाम अंकित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आहर की खुदाई कराना

*506. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड नीमचक बथानी के नैली ग्राम पंचायत के नैली टाल स्थित सहोड़ा पंचायत के खैरा आहर, डाक आहर, बेलदारी आहर में नैली टाल के 09 नम्बर पुल से पानी जमाव के निदान हेतु वर्ष 2018-19 में खुदाई कार्य अपूर्ण है, जिसके कारण किसानों को सिंचाई करने में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त 09 नम्बर पुल से पईन सहित उपरोक्त आहरों की खुदाई कार्य कबतक पूर्ण कराने तथा दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*507. श्री महबूब आलम (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई प्रखंड के भवानीपुर तथा शिकारपुर पंचायतों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क जो मालापार गाँव से महानंदा की शाखा नदी के पास होकर शिकारपुर गाँव के भरासा टोला होती हुई बिघौर बाजार की ओर जाती है, अभीतक कच्ची सड़क है, जिससे भवानीपुर, महेशपुर, शिकारपुर, बिघौर दासग्राम पंचायत की पचास हजार से ज्यादा की आबादी को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार नदी पर पुल-सह-सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कटाव निरोधक कार्य

*508. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखंड के कढ़ान पंचायत में वर्ष 2023 में बाढ़ से भारी कटाव हुआ ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त कढ़ान पंचायत में 2024 में बाढ़ से पूर्व कटाव निरोधक कार्य कराये जाने की अनुशंसा विभागीय टीम द्वारा अक्टूबर, 2023 में की गई परन्तु अभीतक उसपर विभागीय अनुमोदन प्राप्त नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कढ़ान पंचायत में बाढ़ से पूर्व 2024 में कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

नहर की सफाई तथा जीर्णोद्धार

*509. श्री विश्व नाथ राम (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर (अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के इटाढ़ी प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-गोपपुर से साँथ तक नहर जीर्ण-शीर्ण है तथा नहर में गाद जमा होने के कारण पानी अन्तिम छोर तक नहीं पहुँच पाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नहर में कबतक गाद की सफाई तथा नहर का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

नहर का जीर्णोद्धार

*510. श्री विश्व नाथ राम (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर (अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के इटाढ़ी प्रखंड अन्तर्गत

ग्राम पसाहरा से इटाढ़ी तक नहर में गाद जमा हो गया है एवं नहर जीर्ण-शीर्ण है जिसके कारण नदी में पानी का प्रवाह नहीं हो पाता है फलस्वरूप खेतों के पटवन कार्य में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नहर कि कबतक गाद सफाई एवं जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्लूईस गेट ठीक कराना

*511. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत प्रखंड गायघाट के ग्राम-बलौर में विगत 55 वर्ष पहले सरकार द्वारा बागमती नदी में स्लूईस गेट का निर्माण कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्लूईस गेट से ग्राम-बलौर, रमौली, भगवतपुर, लदौर एवं जगनिया गांवों में खेतों की सिंचाई होती थी, लेकिन 20 वर्षों से स्लूईस गेट खराब होने के कारण किसानों की खेती प्रभावित होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खराब स्लूईस गेट को किसानों के हित में ठीक कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नाला निर्माण

*512. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा (अ०जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के कुटुम्बा विधान सभा अन्तर्गत अम्बा में पथ के किनारे नाला निर्माण हेतु खुदाई कर विगत कई महीने से छोड़ा हुआ है, जिस विषय पर कई बार स्थानीय समाचार-पत्रों में खबर प्रकाशन के बावजूद अबतक नाला का निर्माण कार्य आरम्भ नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नाला का निर्माण कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*513. श्री युसूफ सलाहउद्दीन (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल अंतर्गत सलखुआ प्रखंड स्थित चानन पंचायत में डेंगराही घाट पर पुल के निर्माण हेतु मंत्रिमंडल से स्वीकृति मिलने के कई महीनों बाद भी इस क्षेत्र के दिशा एवं दशा बदलने वाले इस उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य अभीतक शुरू नहीं किया जा सका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जनहित में इस उच्चस्तरीय पुल के निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*514. श्रीमती रश्मि वर्मा (क्षेत्र संख्या-3 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज प्रखंड के बिन बलिया पंचायत के ग्राम-मंझरिया से मनवा परसी होते हुये एकडेरवा जाने वाली सड़क वर्षों से जर्जर रहने के कारण बरसात के दिनों में उक्त सड़क पर पैदल चलना मुश्किल है जिसके कारण आस-पास के लगभग 30 हजार की आबादी को नरकटियागंज मुख्यालय तक आने-जाने में काफी कंठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में नरकटियागंज प्रखंड के बिन बलिया पंचायत के ग्राम-मंझरिया से मनवा परसी होते हुये एकडेरवा जाने वाली सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराना

*515. श्री कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह (क्षेत्र संख्या-109 दरौंदा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत एन0एच0 31, सिवान, छपरा मुख्य पथ से दरौंदा ढाला के पास हरदियरा मोड़ सड़क के किनारे अतिक्रमण कर गड्ढा भर दिया गया है, जिस कारण चंवर से जल निकासी नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित स्थान पर अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*516. श्री महबूब आलम (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत वासगाँव पंचायत के पोषण घाट से मुशहर टोला, वासगाँव प्राथमिक विद्यालय, इसलामपुर दलित टोला होते हुये शिकारपुर गाँव तक जाने वाली सड़क अभीतक कच्ची है यह कच्ची सड़क होने के कारण आलमपुर, इसलामपुर तक शिकारपुर पंचायत के सैंकड़ों दलित अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं तथा हजारों जनता को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पक्की सड़क के रूप में निर्माण कराने का इरादा रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

*517. श्री सुनील मणि तिवारी (क्षेत्र संख्या-14 गोविन्दगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दिनांक 22 अगस्त, 2014 को विभागीय अधियाचना के विरुद्ध बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा अनुशंसित 487 अभ्यर्थियों की नियुक्ति वर्ष 2022 में कनीय लेखा लिपिक के पद पर हुई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पद को वित्त विभाग के पत्रांक 3907, दिनांक 7 अगस्त, 2017 को मरणशील घोषित किया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि मरणशील पदों पर नियुक्ति के पश्चात् भी कर्मियों का एक परिक्षेत्र से दूसरे परिक्षेत्र में स्थायी पदों के विरुद्ध स्थानान्तरण/पदस्थापन अवैध होने के बावजूद वर्ष 2017 से निर्बाध रूप स्थानान्तरण/पदस्थापन किया जा रहा है, जो नियम के प्रतिकूल है ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अवैध रूप से किये गये स्थानांतरण/पदस्थापन को विखंडित करते हुये पूर्वत: यथास्थिति बहाल करते हुये संबंधित दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*518. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट विधान सभा अन्तर्गत प्रखंड काराकाट के चैगड़ी कला ग्राम में काव नदी के ऊपर बना पुल के नीचे तेज पानी के बहाव से बहाव होने के कारण मिट्टी कटाव होने से पुल गिरने के कगार पर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि काव नदी पर बना यह पुल पुराना होने से जर्जर भी हो चुका है जिससे लोगों को परेशानी भी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार काव नदी के ऊपर उक्त स्थल पुल का निर्माण कार्य कबतक कराने का संबंधी विचार रखती है, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नाला का निर्माण

*519. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या-87 जाले)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत पथ प्रमंडल, दरभंगा अन्तर्गत कमतौल-जोगियारा सड़क में बरसात के समय मुरैठा गाँव के पास (बघौल पुल से मुरैठा होते हुये लगनमा सीमा तक) जल-जमाव की स्थिति बनी रहती है तथा कमतौल-जोगियारा पथ में सभी बसावट पर पिछले वित्तीय वर्ष में नाला का निर्माण हुआ परन्तु मुरैठा बसावट को छोड़ दिया गया, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ पर मुरैठा एवं बघौल ग्राम के बसावट पर नाला निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ को एन0एच0 में शामिल करना

''ख''- *520. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगुसराय)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय नगर निगम के एन0एच0 31 से लोहिया नगर फ्लाई ओभर, वीर कुंवर सिंह चैक से रजौड़ा होते हुये मझहौल अनुमंडल से भाया खोदावनपुर होते हुये रोसड़ा तक जाने वाली मुख्य पथ एस0एच0 55 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ बेगूसराय एवं समस्तीपुर को जोड़ने वाली मुख्य सड़क के साथ ही पर्यटन एवं व्यापार की दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है परन्तु एन0एच0 में शामिल नहीं होने के कारण आये दिन दुर्घटना और जाम की स्थिति बनी रहती है साथ ही बेगूसराय एवं समस्तीपुर वासियों को मुंगेर एवं दरभंगा जाने के लिये लगभग 100 किलो मीटर से अधिक की दूरी तय करनी पड़ती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ को एन0एच0 में शामिल करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*521. श्रीमती कविता देवी (क्षेत्र संख्या-69 कोढ़ा (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कोढ़ा प्रखंड के बिन्जी ग्राम के रतन ओजा टोला से बरारी प्रखंड के बरेटा गाँव तक जाने वाली सड़क काफी जर्जर स्थिति में होने से स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक नये सिरे से बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*522. श्री जय प्रकाश यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत भरगामा प्रखंड के खजूरी पंचायत में NH 327E मुख्य सड़क से काली मंदिर जाने वाली सड़क दशकों से कच्ची एवं गड्ढानुमा है, जिसके फलस्वरूप स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*523. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड में चौनी से निखरा मदरसा पथ के निर्माण की स्वीकृति मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना से 2019 में दी गई थी, जिसका निर्माण संवेदक द्वारा कार्य करने से इंकार किये जाने के कारण अबतक नहीं किया जा सका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--''ख''-ग्रामीण कार्य विभाग के ज्ञापांक 544, दिनांक 2 फरवरी, 2024 द्वारा पथ निर्माण विभाग में स्थानान्तरित ।

सड़क का निर्माण

*524. श्री उमाकांत सिंह (क्षेत्र संख्या-7 चनपटिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला अंतर्गत चनपटिया प्रखंड के छावनी-मैनाटांड मुख्य पथ से बेलवा गाँव जाने वाली सड़क अत्यंत जर्जर अवस्था में है, जिस कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में अधिक परेशानी हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला अंतर्गत चनपटिया प्रखंड के छावनी-मैनाटांड मुख्य पथ से यादोछापर गाँव जाने वाली सड़क अत्यंत जर्जर अवस्था में है, जिस कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में अधिक परेशानी हो रही है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त दोनों सड़कों का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

संवेदक पर कार्रवाई

*525. श्री राजेश कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-104 हथुआ)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत हथुआ प्रखण्ड के एम0एम0जी0एस0' एसी के तहत कुसौधी नौतन रोड से दुधई तक सड़क के कालीकरण का कार्य 6-7 महीने पूर्व ही पूर्ण हुआ है, यह निर्मित पथ 6-7 महीने बाद ही छोटे-छोटे गड्ढों में तब्दील हो चुका है एवं पिच उखड़ना शुरू हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त निर्मित पथ का गुणवत्ता की जांच कराकर कबतक दोषी संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

आवास उपलब्ध कराना

*526. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-102 कुचायकोट)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलांतर्गत कुचायकोट एवं पंचदेवरी प्रखंड मुख्यालयों में पदाधिकारियों का आवास नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुख्यालय में सरकारी आवास नहीं रहने के कारण सभी पदाधिकारी जिला मुख्यालय, गोपालगंज में विश्राम करते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पदाधिकारियों को मुख्यालय में आवास उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

नदी का उड़ाही

*527. डॉ0 रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर एवं परसा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत उच्च विद्यालय, परसा से बनकेरवा-कपरफोड़ा से दरियाहारा-मठ ककड़ा-मगरपाल-खुशहालपुर-बरूआ अकिलपुर-दरियापुर-कल्याणपुर-फकराबाद-सेमरा-बैजलपुर-दोमोदरपुर-मानपुर एवं आनंदपुर होते हुए गंडक नदी तक मेहुरा नदी से सिल्ट गाद भर जाने के कारण नदी का पानी का बहाव उक्त वर्णित इलाकों में हो जाता है, जिससे कृषि योग्य भूमि जलमग्न हो जाता है, फलस्वरूप किसानों को फसल के साथ-साथ जल-जीवन भी प्रभावित हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी की उड़ाही कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क निर्माण

*528. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद ग्रामीण कार्य प्रमंडल औरंगाबाद अनतर्गत TO3 से खपरमंडा एवं बारा से खजूरी पांडू पथ का पुनर्निर्माण हेतु मेरे द्वारा विभागीय पत्राचार के बावजूद अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों पथों का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नलकूप शुरू कराना

*529. श्री अजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-201 डुमराँव)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के डुमराँव अनुमण्डल के 117 नलकूपों में से 52 नलकूप लम्बे समय से कार्यरत नहीं हैं, जिससे सिंचाई व्यवस्था बाधित है और किसानों को समस्या हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सिंचाई विभाग बक्सर कार्यालय के द्वारा नलकूपों की मरम्मती का प्राक्कलन एवं प्रस्ताव भेजा गया है लेकिन मुख्यालय स्तर से अभी तक इसे स्वीकृति नहीं मिली है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार किसान हित में ग्राम स्तर पर नये नलकूपों को कबतक स्थापित करने तथा बंद पड़े सभी नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पोखरा का सौन्दर्यीकरण

*530. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत तुरकौलिया प्रखण्ड के महनवा बाजार स्थित अमृत सरोवर पोखरा एक एकड़ में स्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पोखरा सौन्दर्यीकरण एवं पोखरा के चारों तरफ स्नान घाट के निर्माण नहीं होने से अमृतरूपी पोखरा का अस्तित्व समाप्त होने के कगार पर है क्योंकि भिण्डा की मट्टी टूटने से पोखरा भर गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पोखरा का सौन्दर्यीकरण एवं चारों तरफ स्नान घाट कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का जीर्णोद्धार

''ग''-*531. श्री मोहम्मद नेहालउद्दीन (क्षेत्र संख्या-224 रफीगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत प्रखंड रफीगंज के औरंगाबाद के रफीगंज भाया भदवा होते हुए रोड से रफीगंज के पास नदी में पुल एवं खिरयावा मोड से कासमा पथ में जोगड़ी के पास पुल है, जिसकी स्थिति जर्जर है एवं साईड वॉल नहीं रहने से हमेशा दुर्घटना होती रहती है एवं आम ग्रामीणों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में उपर्युक्त पुल का जीर्णोद्धार एवं पुल के दोनों साईड ओपेन बॉल बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती

*532. श्रीमती मंजु अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखण्ड शेरघाटी के गोपालपुर अमनचैन होटल से ग्राम-सगाही चेरकी गया मुख्य पथ तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से निर्मित कैनाल रोड बड़े-बड़े मालवाहक वाहनों, बालू लदे ट्रकों के लगातार आवागमन के कारण पूरी तरह से जर्जर हो गया है, जिसके कारण छोटी गाड़ियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखण्ड शेरघाटी के ग्राम पंचायत-चांपी के ग्राम समदा टोला महुआडीह से लेकर ग्राम-संगमटांड एवं ग्राम-लेबोइया से सगहा पहाड़ तक रोड का निर्माण नहीं रहने से ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दोनों सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--''ग''-ग्रामीण कार्य विभाग के ज्ञापांक 675, दिनांक 08 फरवरी, 2024 द्वारा पथ निर्माण विभाग में स्थानान्तरण ।

राज्यपथ (SH) को राष्ट्रीय राजमार्ग (NH) में हस्तानांतरित कराने के संबंध में

*533. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन (क्षेत्र संख्या-133 समस्तीपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला मुख्यालय ताजपुर रोड (SH) पथ से बेला इमली चौक, डॉ० राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय होते हुये होली (NH-28) तक जाने वाली SH पथ काफी सकरा एवं कम चौड़ाई होने के कारण बढ़ती आबादी एवं बढ़ती वाहनों की संख्या को वहन कर पाने में सक्षम नहीं है, रोजाना घंटों जाम के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त रहता है यदि हाँ, तो सरकार जनहित में उक्त पथ (SH) को राष्ट्रीय राजमार्ग (NH) में हस्तानांतरित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*534. श्री केदार प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-93 कुढ़नी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत कुढ़नी प्रखंड में मनियारी हॉस्पीटल चौक से एन०एच०-28 होते हुये सिलौत स्टेशन तक सड़क जर्जर है जिससे हमेशा लोग दुर्घटना के शिकार होते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*535. श्री सुधाकर सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर और कैमूर को जोड़ने वाली चौसा मोहनियां पथ NH-319A का निर्माण कार्य करीब 428 करोड़ रु० की लागत से हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के निर्माण में घोर अनिमितता बरती जा रही हैं, चौसा-मोहनियां के बीच नुआंव बाजार, रामपुर बाजार के पास नाला के निर्माण में गुणवत्ता का कोई ख्याल नहीं रखा जा रहा है, निर्माण में उपयोग होने वाले सोन नदी के बालू के जगह मिट्टी निकृष्ट सामग्री का उपयोग किया जा रहा हैं, साथ ही सड़क के चौड़ीकरण में GSP में स्थानीय मिट्टी का मिश्रण भी देखा जा सकता है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क निर्माण में बरती जा रही अनियमितता की जाँच कराकर दोषी पदाधिकारियों को दंडित करने एवं निर्माण कर रहे संवेदक को ब्लैक लिस्टेड करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*536. श्री मनोज यादव (क्षेत्र संख्या-163 बेलहर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत प्रखण्ड फुल्लीडुमर के ग्राम पंचायत ईटहरी में परमानन्द देवघर से राम चन्द्रपुर पथांश तक कच्ची सड़क है, जिससे बरसात के दिनों में आजमनों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ निर्माण

*537. श्री महा नंद सिंह (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना मुख्य सोन नहर के दूसरे छोर पर पटना से बारूण (औरंगाबाद) तक सड़क नहीं होने से बाईं तरफ (पहला छोर) पर गाड़ी का दबाव ज्यादा रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना मुख्य सोन नहर पर बनी सड़क पर दर्जनों पेड़ बीच सड़क पर रहने से अकसरहाँ दुर्घटनाएं होती रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पटना मुख्य सोन नहर के दूसरे छोर पर पक्की सड़क पटना से औरंगाबाद तक बनाने और पहला छोर पर बनी सड़क पर दर्जनों पेड़ को हटाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

आवागमन शुरू करना

*538. श्री राम सिंह (क्षेत्र संख्या-4 बगहा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बगहा विधान सभा के ग्राम पंचायत राज पैकवलिया-मर्जादपुर के ग्राम-भरवलिया से नवका टोला जाने वाली सड़क में हरहा नदी पर पुल का निर्माण हो गया है परन्तु पुल के दोनों तरफ एप्रोच रोड में मिट्टी भराई का कार्य नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एप्रोच रोड नहीं बनने के कारण उस मार्ग का संपर्क मुख्य मार्ग से टूट गया है जिससे आमजन को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा पुल का उपयोग भी नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक पुल के दोनों तरफ के एप्रोच रोड को बनवाकर सुचारू रूप से आवागमन शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का जीर्णोद्धार

*539. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के हलहलिया पंचायत के वार्ड संख्या 13 स्थित पुराना LRP रोड जो फोरलेन से पहले बना था, की स्थिति काफी जर्जर हो गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वर्णित मार्ग के काफी जर्जर होने से हजारों की आबादी वाले गाँव के किसानों, छात्र/छात्राओं, एवं आमजन को आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, एवं बरसात के तीन माह कीचड़नुमा रास्ता में जाने को विवश है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर सड़क का जीर्णोद्धार एवं कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का जीर्णोद्धार

*540. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत गोह प्रखंड के प्रेमां से घोटा तक तथा डिहूरी कुडवा पद से धोबिनिया नाला होते हुये पहरपुरा होते हुये जुझारपुर तक का सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिससे आमजनता को आने-जाने में काफी कठिनाई हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कटाव रोधक कार्य करवाना

*541. श्री मोहम्मद अनजार नईमी (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के टेढ़ागाछ प्रखंड अन्तर्गत आशा धापर टोला गाँव का सैकड़ों परिवार तथा उ०म० विद्यालय, धापर टोला रेतुआ नदी के किनारे कटाव के जद में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रधानमंत्री सड़क, कब्रिस्तान एवं विद्यालय की दूरी केवल 100 मीटर है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त गाँव एवं विद्यालय को बचाने हेतु ससमय कटाव रोधक कार्य कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का जीर्णोद्धार

*542. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इस्लामपुर प्रखंड के शोभा बिगहा से नवाबगंज पथ विगत दस वर्षों से संकीर्ण एवं जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिसके कारण दस हजार से अधिक आबादी के आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क को कबतक चौड़ीकरण सहित जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

चेक डैम का निर्माण

*543. श्री प्रणव कुमार (क्षेत्र संख्या-165 मुंगेर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के सदर प्रखंड अन्तर्गत शंकरपुर पंचायत चक इब्राहिम मौजा में चेक डैम नहीं रहने के कारण किसानों को सिंचाई में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपरोक्त वर्णित मौजा में चेक डैम बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*544. श्री विनय कुमार (क्षेत्र संख्या-225 गुरुआ)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ प्रखंड के गुनेरी पंचायत के ग्राम-केन्दुआ के समीप गंगटी नहर में पुल नहीं रहने के कारण पलुहारा एवं गुनेरी पंचायत के ग्रामीण जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

नदी में पुल बनाना

*545. श्री रामप्रवेश राय (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बरौली प्रखंड अन्तर्गत रूपनछाप छाड़ी नदी पार करने हेतु सालोंभर नाव का सहारा लेना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि छाड़ी नदी के पार महोदीपुर,पकड़िया,केखनियापाटोला आदि के लोगों को कृषि कार्य प्रखंड मुख्यालय एवं हाट-बाजार हेतु प्रतिदिन जाने-आने में नदी पार करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बरौली प्रखंड के रूपनछाप छाड़ी नदी में पुल बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

नलकूपों को चालू कराना

*546. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोरवा प्रखंड अन्तर्गत गुनाई, बसही, निकसपुर, सोंगर, चकसिकन्दर सहित कई अन्य राजकीय नलकूप विगत 5 वर्षों से अधिक समय से बन्द है जिससे क्षेत्र की जनता को सिंचाई की सुविधा नहीं मिल रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपरोक्त नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*547. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ पूर्व प्रखंड के लालगंज पंचायत में विक्रमपट्टी घाट पर पुल नहीं रहने से दर्जनों पंचायत के ग्रामवासी को 15 किलोमीटर लम्बी दूरी तय कर रानीपतरा एवं हरदा, बाजार आना-जाना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुल के आभाव में ग्रामीणों को नदी पार करने के लिये बारहों मास नाव ही एक मात्र सहारा है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ग्रामीणों एवं किसानों के हित में लालगंज पंचायत के विक्रमपट्टी घाट पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पैन की सफाई

*548. श्रीमती नीतु कुमारी (क्षेत्र संख्या-236 हिसुआ)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के अकबरपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम-मदैनी (साहेबगंज) से शुरू होकर भटट बिगहा, खनपुरा बक्सण्डा, भाजी बलिया, पिण्डरौनी, रजहत, डिही, गुरूचक तथा शेखपुरा ग्रामों के एक हजार एकड़ से अधिक भूमि का पटवन ''फुलोचन्द बकरीद'' धारा पैन से होता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत 50 वर्षों से उक्त पैन की सफाई नहीं हुई है, जिसके फलस्वरूप सिंचाई का यह स्वरूप अनुपयोगी हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पैन की सफाई और इसके जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*549. सुश्री श्रेयसी सिंह (क्षेत्र संख्या-241 जमुई)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत बरहट प्रखंड के बरहट पंचायत में आंजन नदी के मलिकवा घाट के दोनों किनारों पर बसे गाँव जैसे एक तरफ कुमरतरी, मुसहड़ीटांड़ बिचला टोला व आमा टोला व दूसरी तरफ गुरमाहा व कटारा टोला अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आंजन नदी के मलिकवा घाट में पुल नहीं रहने के कारण एक ही पंचायत में नदी के दोनों ओर बसे उक्त गाँवों का संपर्क टूट जाने से स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त आंजन नदी के मलिकवा घाट पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का निर्माण

*550. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खड़हरा से संथाल परगना पथ (लंबाई 12 किलो मीटर) बिहार राज्य को झारखंड राज्य से जोड़ने वाला पथ है, जिसकी स्थिति अत्यंत खराब है, यह पथ पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि से बाहर हो चुका है, घनी एवं बड़ी आबादी के बीच से गुजरने वाले इस पथ में जल-जमाव भारी वाहनों का आवागमन होती रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का उन्नयन कर पथ का निर्माण RCD के अनुरूप उच्च मानक एवं गुणवत्ता के साथ कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*551. श्री सुर्यकान्त पासवान (क्षेत्र संख्या-147 बखरी (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला अन्तर्गत डंडारी प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय का भवन बिल्कुल जर्जर अवस्था में है, जिसके कारण कार्य निष्पादन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार डंडारी प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय के लिये नये भवन के निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ब्रिज का निर्माण

*552. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बाबूबरही विधान सभा के पश्चिमी कोशी प्रमंडल, अंधराठाढ़ी के अन्तर्गत पश्चिमी कोशी मुख्य नहर के वि०दू० 74.50 पर निर्मित होने वाले एस०एल०आर० ब्रिज का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एस०एल०आर० ब्रिज के निर्माण हेतु प्राक्कलित राशि अंके 21,061,233 स्वीकृत होने तथा तकनीकी अनुमोदन हेतु मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, दरभंगा के द्वारा अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, अंचल 02, जल संसाधन विभाग, बिहार को प्रेषित पत्र संख्या यो० 06/020-2437, दिनांक 20 सितम्बर, 2023 के बावजूद आजतक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक एस०एल०आर० ब्रिज का निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

रिंग बांध निर्माण

*553. श्री राज कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-144 मटिहानी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मटिहानी विधान सभा अन्तर्गत चकिया से लेकर खोरमपुर तक गंगा नदी के किनारे प्रस्तावित रिंग बांध निर्माण कार्य अबतक प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक कार्य को प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*554. श्री मुहम्मद इजहार असफी (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के कोचाधामन विधान सभा अन्तर्गत प्रखंड कोचाधामन के पंचायत कुटटी में सुंदर पुछी स्थित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य नहीं होने के कारण आमजनों को आये दिन आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार सुंदर पुछी उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*555. श्री बीरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-139 रोसड़ा (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत रोसड़ा विधान सभा के शिवाजीनगर प्रखंड के (1) कपूरी चैक से रानीपरती होते हुये शंकरपुर घाट तक (2) ठनका चौक से

बल्लीपुर चौक होते हुये परशुराम चौक हाँसुपुर घाट तक की सड़क ग्रामीण कार्य विभाग की है, यह सड़क जर्जर अवस्था में है जिसके कारण वर्षा के समय 2-2 फीट जल-जमाव होने के कारण परिचालन बाधित होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जलाशय का जीर्णोद्धार

*556. श्री भाई वीरेन्द्र (क्षेत्र संख्या-187 मनेर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत गोगरी प्रखंड स्थित शेर चकला पंचायत में शेरगढ़ ग्राम के मध्य विद्यालय, शेरगढ़ के विपरित पी०डब्लू०डी० सड़क को जोड़ने वाली ग्रामीण सड़क के किनारे तीन एकड़ का जलाशय है, जिसमें सालोंभर पानी संग्रहित रहता है जो कि जर्जर एवं जीर्ण-शीर्ण अवस्था में रहने के कारण ग्रामवासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित जलाशय का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*557. श्रीमती भागीरथी देवी (क्षेत्र संख्या-2 रामनगर (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेतिया जिलान्तर्गत रामनगर विधान सभा अंतर्गत प्रखंड रामनगर के ग्राम-सोहसा, फुलवरिया तथा प्रखंड गौनाहा के ग्राम-इटवा के बीच पहाड़ी ढोंगही नदी पर पुल नहीं होने से उक्त दोनों प्रखंड के आमजनता को बरसात एवं सामान्य दिनों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का जीर्णोद्धार

*558. श्री अनिल कुमार (क्षेत्र संख्या-24 बथनाहा (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत मेजरगंज प्रखंड के सोनौल महोदय मोड़ से हिरोलवा होते हुये अखरडीहा गाँव तक जानेवाली सड़क अत्यंत जर्जर अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आये दिनों सड़क खराब होने के कारण आम जनता को दुर्घटना का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सोनौल महोदय मोड़ से हिरोलवा होते हुये अखरडीहा गाँव तक जानेवाली सड़क का निर्माण जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पानी बहाव हेतु गेट को हटाना

"घ"-*559. श्री रामबली सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत उदेरास्थान बराज से निकलने वाली हवलीपुर नहर ब्रांच में कुररे गाँव के पास बीच नहर में उद्देश्यविहिन पक्का गेट बना हुआ है, जिसके आस-पास से कोई ब्रांच नहर नहीं निकाला गया है बल्कि इस गेट में बाँध लगाकर नीचे आनेवाला पानी को रोकने का ही काम होता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक निर्बाध रूप से नीचे तक पानी बहाव के लिये उक्त गेट को हटाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नोट— "घ"- लघु जल संसाधन विभाग के ज्ञापांक 742, दिनांक 9 फरवरी, 2024 द्वारा जल संसाधन विभाग में स्थानान्तरित ।

पुल का निर्माण

*560. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या-87 जाले)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत कार्य प्रमंडल दरभंगा-2 के अन्तर्गत जाले प्रखण्ड के मस्सा से मुरैठा भाया खिरोई तटबंध वाली सड़क में खिरोई नदी पर अंग्रेजी हुकूमत के समय बना लोहा पुल जो संकीर्ण एवं जर्जर हालत में है इस पुल के संकीर्ण एवं जर्जर होने के कारण बड़ी गाड़ी एवं मालवाहक गाड़ी का आवागमन उक्त पथ पर नहीं होता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क पर बने लोहा पुल की जगह हाई लेवल ब्रिज निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई कराना

*561. श्री जितेंद्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावाँ)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत रहुई प्रखंड के भागन बिगहा पैढना गाँव के पास सूबे का दूसरा सरकारी डेंटल कॉलेज-सह-अस्पताल बनाया गया है, जिसके भवन के निर्माण पर लगभग 400 करोड़ रुपये खर्च किये गये है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अस्पताल के एकेडमिक भवन के शुभारंभ के एवं साल के अंदर ही एकेडमिक भवन की दीवारों में कई जगहों पर दरार पड़ गया है, जिसे निर्माण एजेंसी द्वारा दरार के ऊपर पेंटिंग कर छुपाने का प्रयास किया जा रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार निर्माण एजेंसी के साथ-साथ संबंधित संवेदक सहित अन्य दोषी पदाधिकारियें के विरुद्ध कबतक कार्रवाई करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण

*562. श्री बीरेन्द्र सिंह (क्षेत्र संख्या-234 वजीरगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत वजीरगंज विधान सभा अन्तर्गत प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय-सह-अन्य सरकारी भवन परिसर बिना चहारदीवारी का है, जिस कारण आये दिन चोरी की घटनाएं होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक कार्यालय के चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*563. श्री भाई वीरेन्द्र (क्षेत्र संख्या-187 मनेर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत बिहटा प्रखंड स्थित ग्राम-पैनाल में पानी टंकी से भाया आंगनबाड़ी केन्द्र होते खगौल-बिहटा मुख्य मार्ग तक लगभग 2 कि0मी0 सड़क-सह-नाला का निर्माण नहीं रहने से स्थानीय ग्रामीण के साथ-साथ आमजन को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सिंचाई करवाना

*564. श्री तारकिशोर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-63 कटिहार)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत छः प्रखंडों में 154.44 किलो मीटर की लम्बाई में 28 नहर गुजरती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला में खरीफ एवं रबी फसल की सिंचाई के लिए 500 क्यूसेक पानी की जरूरत है, लेकिन कटिहार जिला के किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है, जबकि बिहार सरकार द्वारा खरीफ पटवन के लिए 16506 हेक्टेयर एवं रबी पटवन के लिए 1200 हेक्टेयर लक्ष्य निर्धारित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कटिहार जिला में किसानों को सिंचाई हेतु निर्धारित पानी कबतक खेतों तक पहुँचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सुरक्षा दीवार का निर्माण

*565. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत रतनीफरीदपुर प्रखण्ड के लाखापुर पंचायत के बगाही में गंगहर नदी में सुरक्षा दीवार नहीं होने के कारण जान-माल की नुकसान तथा बड़े वृक्ष बारिश के समय नदी में जल स्तर बढ़ने से मिट्टी कटाव में बह जा रही है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार गंगहर नदी में सुरक्षा दीवार का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*566. श्री मोहम्मद अनजार नईमी (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत बहादुरगंज प्रखण्डाधीन झिलझिली पंचायत में विजय झा के घर से बब्लू के घर होते हुए कोचाधामन सीमा तक सड़क निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा का समाना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

तटबंध का पक्कीकरण

*567. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत मीनापुर रेलवे गुमटी के कुरूम तक महानंदा नदी के तटबंध पर आवागमन करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त तटबंध का कबतक पक्कीकरण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटाव से सुरक्षा

*568. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखंड के कमला-बलान नदी के दोनों तटबंधों के बीच अवस्थित ग्राम-बैजनाथपुर एवं दर्जिया में हो रहे कटाव से दोनों गाँवों का नदी की धारा में विलीन होने का खतरा बढ़ गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कटाव निरोधक समिति की अनुशंसा के आलोक में ग्राम सुरक्षात्मक कार्य एजेण्डा सं0-180/337/2022 AE Work at Village Baijnathpur एवं एजेन्डा संख्या 180/338/2022 A E Work at Village Dargia को समीक्षोपरांत Wait & Watch के अंतर्गत विचाराधीन रखा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोनों एजेन्डों की स्वीकृति दिलाकर उक्त गाँवों को कटाव से सुरक्षा दिलाना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल तथा सी०आर० गेट निर्माण

*569. श्री राजेश कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-208 सासाराम)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-खण्डा के पास पश्चिमी उच्चस्तरीय सोन नहर पर नया पुल तथा सी०आर० गेट नहीं बना है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सासाराम प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-खण्डा के पास पश्चिमी उच्चस्तरीय सोन नहर पर नया पुल तथा सी०आर० गेट निर्माण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कटाव की रोकथाम

*570. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखण्ड के दामोदरपुर पंचायत के अन्तर्गत ग्राम-जवईनियां में गंगा नदी के पानी से काफी तेजी से कटाव हो रहा है, जिससे ग्रामीणों में दहशत पैदा हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कटाव को रोकने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का निर्माण

*571. श्रीमती नीतू कुमारी (क्षेत्र संख्या-236 हिसुआ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत हिसुआ प्रखण्ड स्थित तुंगी हसनुपर पथ जर्जर है जिससे आमजनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का चौड़ीकरण

*572. श्री रामप्रवेश राय (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत मांझा प्रखण्ड के मांझा रेलवे ढाला से पीपरा होते हुये सीवान-सरफरा पथ में मिलने वाली सड़क तथा मांझा प्रखंड अन्तर्गत एन०एच० 27 भोजपुरवा मोड़ से धामा पाकड़ होते हुये डुमरिया सारण तटबंध तक जाने वाली पथ की चौड़ाई कम रहने के कारण आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों पथों का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का चौड़ीकरण

*573. श्री गोपाल रविदास (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ०जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारीशरीफ थाना मोड़ से राय चौक होते हुये पुनपुन सुरक्षा बांध तक 4.50 किलो मीटर सड़क ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा बनी है जो जर्जर हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ये सड़क फुलवारीशरीफ और पुनपुन दो प्रखंडों को जोड़ती है, जो संकीर्ण है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्रामीण कार्य विभाग की उक्त सड़क को पथ निर्माण में स्थानान्तरित करके चौड़ीकरण करने की विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का पक्कीकरण

*574. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत चिरैया प्रखण्ड के हराजनरूलाहपुर पंचायत के हराज बांध बेला से पटजिलवा ग्राम तक की कच्ची सड़क का वर्षों से पक्कीकरण नहीं हुआ है, जिससे गांवों के लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कल्वर्ट बनाना

*575. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ०ज०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखण्ड अन्तर्गत साहेबनगर पंचायत के मनसाही लोहा पुल के बगल में कल्वर्ट नहीं रहने से आस-पास के किसानों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक उक्त स्थान पर एक कल्वर्ट बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का निर्माण

*576. श्री अमर कुमार पासवान (क्षेत्र संख्या-91 बोचहाँ (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बोचहाँ विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखंड मुशहरी के खबड़ा उर्फ कीरतपुर, कुरूदासपुर दलित बस्ती मणिका विशुनपुर चाँद दलित बस्ती ग्रामीण सम्पर्क पथ का निर्माण नहीं किया गया है एवं प्रखंड बोचहाँ के ग्राम-सहनगरी के महादलित बस्ती सहित दर्जनों दलित-महादलित बस्ती ग्रामीण सम्पर्क पथ निर्माण नहीं होने से आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंडों का ग्रामीण सम्पर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

घाट के निर्माण

*577. श्री युसुफ सलाहउद्दीन (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल अंतर्गत महिषी प्रखंड स्थित महिषी दक्षिणी पंचायत के महपुरा गाँव में कोसी नदी के तट पर स्थित सुप्रसिद्ध संत बाबा कारू खिरहरी मंदिर के पिछले हिस्से में श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सहुलियत हेतु सुसज्जित घाट के निर्माण का प्रस्ताव विगत कई महीनों से लंबित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सुसज्जित घाट के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सुविधाएँ उपलब्ध कराना

*578. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर अनुमंडल के ताजपुर में जून, 2021 से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, झंझारपुर द्वारा अपने नवनिर्मित भवन में वर्ग संचालन किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त संस्थान में अभी भी आधारभूत सुविधाएँ यथा विद्युत् कनेक्शन, मानक के अनुसार अनुदेशक/कर्मचारी की कमी से प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, झंझारपुर में आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*579. श्री चेतन आनंद (क्षेत्र संख्या-22 शिवहर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिला के दुर्गास्थान बहुआरा से वृन्दावन बाजार तक आवागमन हेतु पथ का निर्माण नहीं हुआ है तथा पथ के निर्माण नहीं होने से वहां के सभी वर्गों के लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

जमीन उपलब्ध कराना

*580. श्री तारकिशोर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-63 कटिहार)--स्थानीय हिंदी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 21 दिसम्बर, 2023 भागलपुर संस्करण में प्रकाशित खबर "सरकार व प्रशासन की ओर से प्रबंध नहीं किये जाने से बढ़ रही विस्थापितों की संख्या" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड के बलिया बेलौन क्षेत्र में मीनापुर से शेखपुरा होते हुये शिकारपुर तक हजारों विस्थापित परिवार तटबंध के किनारे झोपड़ी टांग कर रहने को मजबूर हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि दस वर्षों से अधिक से विस्थापित परिवारों को जमीन उपलब्ध कराकर अबतक नहीं बसाया जा सका है, जिससे विस्थापित परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त हजारों विस्थापित परिवारों को कबतक जमीन उपलब्ध कराकर बसाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क निर्माण कराना

*581. श्री दिलीप राय (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत पुपरी प्रखंड के अधवारा समूह के बायां तटबंध सूर्यपट्टी से हिरोली होते हुये गंगटी चकासा तक एवं दायां बांध/तटबंध सूर्यपट्टी से गाढ़ा होते हुये बरगछिया, गंगटी, आवापुर तक सड़क न होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है,

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पुपरी प्रखंड के अधवारा समूह के दोनों बांध तटबंध पर सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पशु चिकित्सालय बनाना

*582. श्रीमती स्वर्णा सिंह (क्षेत्र संख्या-79 गौड़ाबौराम)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के किरतपुर प्रखंड अन्तर्गत प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय, लक्ष्मीपुर ककोरवा के भवन निर्माण हेतु अभियन्ता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ने विभागीय पत्रांक 4187, दिनांक 9 नवम्बर, 2023 द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है, परन्तु इस संबंध में अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड में पशु चिकित्सालय नहीं रहने के कारण पशुपालकों को पशु की इलाज कराने में कठिनाइयाँ हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार किरतपुर प्रखंड में कबतक प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नहर की खुदाई

*583. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड खिजरसराय के ग्राम-जगडीहा के पुरानी छिलका से ग्राम-सतामस, सलेमपुर तक का नहर मिट्टी से भरे रहने के कारण अन्तिम छोर तक खेतों में सिंचाई कार्य बाधित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त नहर की खुदाई कबतक करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुलिया निर्माण

*584. श्री चन्द्रहास चौपाल (क्षेत्र संख्या-72 सिंहेश्वर (अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के शंकरपुर प्रखंड के रायभीड़ पंचायत अंतर्गत वार्ड नं० 12 में केदार शर्मा के घर के पास नहर पर तथा वार्ड नं० 15 में वसंतपुर हाट से पश्चिम नहर पर पुलिया नहीं होने के कारण आमलोगों को आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित स्थलों पर पुलिया निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कटाव निरोधक कार्य

*585. श्री सुरेन्द्र मेहता (क्षेत्र संख्या-142 बछवाड़ा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के बछवाड़ा प्रखंड अन्तर्गत समसीपुर गाँव में मध्य विद्यालय, समसीपुर के परिसर का अधिकांश भाग वाया नदी के कटाव के कारण नदी में गिर चुका है जिससे छात्र-छात्राओं के जान का खतरा हमेशा बना रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार समसीपुर मध्य विद्यालय के आगे कटाव निराधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*586. श्रीमती मंजु अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत प्रखंड शेरघाटी के ग्राम-नवादा से ग्राम, बी०टी० बिगहा, बूढ़ी नदी तक एवं ग्राम-श्रीरामपुर बूढ़ी नदी से ग्राम-बन्दोहरी तक सड़क जर्जर है जिसके कारण राहगीरों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*587. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-102 कुचायकोट)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत प्रखंड कुचायकोट के पंचायत विक्रमपुर में सवनही गांधी आश्रम के समीप गड़क नहर के समीप पुल नहीं होने के कारण आमलोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*588. श्री आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखण्ड अन्तर्गत किस्तम खवासपुर पंचायत अंतर्गत सगुना गांव में आरईओ सड़क से मस्जिद के आगे कुर्साकांटा प्रखण्ड सड़क तक सड़क नहीं रहने के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, खासकर बरसात के दिनों में लोगों को कीचड़मय सड़क एवं गड्ढे से होकर गुजरना पड़ता है,

(2) यदि हाँ, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नाला का निर्माण

*589. श्री जितेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावाँ)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत बैरिया बस स्टैंड से बादशाही नाला जिसकी दूरी लगभग 2 किलो मीटर है तथा स्टेट हाइवे 1 के दोनों तरफ नाला का निर्माण नहीं हुआ है, यह नाला के निर्माण नहीं होने के कारण आमजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार बैरिया बस स्टैंड से बादशाही नाला एवं स्टेट हाइवे 1 के दोनों तरफ नाला निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

यात्री पड़ाव का निर्माण

*590. श्री विजय कुमार (क्षेत्र संख्या-169 शेखपुरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिला के अरियरी प्रखण्ड अन्तर्गत मशोढ़ा चौक हनुमानगंज मोड़ एवं कसार मोड़ पर यात्री पड़ाव नहीं रहने के कारण राहगीरों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थलों पर यात्री पड़ाव का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नदी का जीर्णोद्धार

*591. श्री अजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-166 जमालपुर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर प्रमण्डल के कार्यपालक अभियंता तथा संबंधित विभाग के प्रमुख अभियंता द्वारा पत्रांक 2194, दिनांक 22 अगस्त, 2023 द्वारा मुरघट नदी के जीर्णोद्धार का प्रस्ताव भेजा गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मुरघट नदी का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सोलर लाइट लगाना

*592. श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)--स्थानीय हिन्दी दैनिक दिनांक 6 जनवरी, 2024 के अंक में प्रकाशित "पंचायतें में 15 प्रतिशत ही लगी है शीर्षक "सोलर लाइट" समाचार को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सितम्बर, 2022 में राज्य के सभी पंचायतों में 6 लाख 69 हजार 59 सोलर लाइट लगाने का निर्णय लिया गया था और 2 वर्ष के समयावधि में सभी पंचायतों में सोलर लाइट लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि लगभग डेढ़ साल बीत जाने के बाद अभीतक राज्य में 7 हजार 461 पंचायतों में 97377 सोलर लाइट ही लग पायी है जो लक्ष्य के विरुद्ध मात्र 16 प्रतिशत है ;

(3) यदि हाँ, तो सरकार बाकी पंचायतों में लक्ष्य के अनुरूप कबतक सोलर लाइट लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का जीर्णोद्धार

*593. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के चकिया प्रखंड अन्तर्गत NH-28 कुड़िया से धोबैलिया सड़क अत्यंत जर्जर अवस्था में है जिससे ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

लिफ्ट बनाना

*594. श्री प्रफुल्ल कुमार माँझी (क्षेत्र संख्या-240 सिकन्दरा (अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिला अन्तर्गत खैरा प्रखंड के गढ़ी डैम का निर्माण सैकड़ों एकड़ जमीन पर बनायी गयी है, जिसमें हजारों लोगों की जमीन गयी है परन्तु उक्त डैम से बची हुयी जमीन को सिंचाई हेतु पानी नहीं मिलता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त डैम के जीरो चैन के नजदीक से लिफ्ट लगाकर पानी उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण अरूण्मावाँक, गरही, हरखार, गोली, विशनपुर, हरणी पंचायत सभी पंचायतों के किसानों को सिंचाई योग्य पानी नहीं मिल पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त स्थल पर कबतक लिफ्ट बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*595. श्री विजय कुमार मण्डल (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के दिनारा विधान सभा अन्तर्गत ठोरा नदी पर ग्राम-अकोढ़ा एवं डमडीहा के बीच पुल नहीं होने से ग्रामीण जनता को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार ठोरा नदी पर ग्राम-अकोढ़ा एवं डमडीहा के बीच पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पटना :
दिनांक 21 फरवरी, 2024 (ई०)।

राज कुमार,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि०स०मु० - 88 (एल०ए०), 2023-24 डी०टी०पी० -550